




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच





पेज 7

वर्ष : 26 | अंक : 155 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 27 मई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## 46 डिग्री का टॉर्चर



**नोएडा/ नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राजधानी दिल्ली व एनसीआर में आसमान से आग बरस रही है। सूरज की तपिश और भीषण लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 9 साल बाद रविवार (26 मई) के दिन पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। यही नहीं, यह इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले 2015 में इस दिन अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

दिल्ली शहरी केंद्रों में मुंगेशपुर व नजफगढ़ इलाके में 48 डिग्री सेल्सियस के पार पारा पहुंचा। मौसम विभाग ने सोमवार से बुधवार तक के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा है। इससे चिलचिलाती भीषण गर्मी पड़ेगी। 31 मई को बारिश होने की संभावना जताई गई है। इससे तापमान में कमी आएगी और लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिल सकती है।

सोमवार को सुबह से ही गर्म हवा चली, जिसने लोगों को लू का अहसास कराया। अधिकतर इलाकों में भीषण लू की स्थिति बनी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम आर्द्रता का स्तर 62 फीसदी रहा।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में रहने वालों को 46 डिग्री कस टार्चर सहना पड़ा। गर्मी से शहरवासियों का हाल बेहाल है।

## चार धाम यात्रा में अब तक 64 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्डतोड़ श्रद्धालु पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित चारों धामों की यात्रा कर रहे हैं। भीड़ की वजह से व्यवस्था में भी समस्या आ रही है। वहीं चारधाम यात्रा में अब तक 64 तीर्थ यात्रियों की मौत हो चुकी है। आयुक्त गढ़वाल ने इसकी जानकारी दी है।

बता दें कि चारधाम यात्रा के लिए एक सप्ताह से रुके लोगों को यात्रा पर भेजा जा रहा है। अभी चारों धामों में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। ठहराव वाले स्थानों पर स्पेशल सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती करने के निर्देश दिये गये हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट सफाई व्यवस्था की हर दो घण्टे में रिपोर्ट भेजेंगे।



### 9 लाख से ज्यादा लोगों ने किए चारधाम के दर्शन

आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि 10 मई 2024 को श्रीकेदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा 12 मई को श्रीबदरीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। उसके बाद से 23 मई 2024 तक चारों धामों में कुल 09 लाख 67 हजार 302 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में 01 लाख 79 हजार 932, गंगोत्री धाम में 01 लाख 66 हजार 191, श्री केदारनाथ में 04 लाख 24 हजार 242 और बदरीनाथ धाम में 01 लाख 96 हजार 937 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। पिछले वर्षों की तुलना में पहले पखवाडे में इस वर्ष लगभग दुगुने श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के कारण व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं। वहीं स्वास्थ्य कारणों के चलते चारधाम यात्रा में अब तक 64 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है।

## मेडिकल जांच के लिए केजरीवाल ने मांगे 7 दिन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका लगाई है। इसमें उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन और बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि उन्हें पीईटी और सीटी स्कैन के अलावा कुछ और परीक्षण कराने हैं। उन्होंने इन सभी जांचों के लिए सात दिन का समय मांगा है।

आम आदमी पार्टी ने बयान जारी करते हुए कहा कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल वजन सात किलो तक घट गया। उनका कीटोन लेवल बहुत ऊंचा है। ये किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में केजरीवाल की तरफ से याचिका दायर कर अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने की मांग की गई है।

### ● एक जून करना है सरेंडर

गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति केस में घिरे केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से इसी महीने की शुरुआत में राहत मिली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विरोध सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आप संयोजक को 1 जून तक अंतरिम जमानत देने का फैसला किया था। केजरीवाल को (अब समाप्त हो चुकी) दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## भीषण गर्मी ने ली दो लोगों की जान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही भीषण गर्मी अब लोगों के जान की दुश्मन बन रही है। नोएडा में गर्मी के कारण दो लोग मूर्छित अवस्था में मिले। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

नोएडा पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के निठारी गांव के पास आज सुबह को छोटू उर्फ सूरजमल पुत्र गब्बर सिंह (35 वर्ष) मूल निवासी जनपद बुलंदशहर मूर्छित अवस्था में मिले। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




वहीं थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के बोटैनिकल गार्डन पर आज सुबह को एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीब (50 वर्ष) है मूर्छित अवस्था में सड़क किनारे मिला। राहगीर उमेश सिंह ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना फेस-दो क्षेत्र में रहने वाले मोहम्मद मुस्लिम की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में रहने वाले रामकिशोर (44 वर्ष) की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### जेल से सजा काटकर घर लौटे व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-52 में 20 साल की सजा काटकर आये व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि



सेक्टर-52 होशियारपुर गांव में रहने वाले शालू उर्फ सल्लू (40 वर्ष) पुत्र मटरू ने आज सुबह अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मां ज्वाला देवी की दर पर पहुंचे डा. महेश शर्मा



**शिमला ( एजेंसी )।** कांगड़ा लोकसभा प्रवास प्रभारी डा. महेश शर्मा ने कांगड़ा स्थित मां ज्वाला देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने माँ ज्वाला देवी से भाजपा के विराट विजय व समस्त देश व प्रदेशवासियों को सुख, समृद्धि एवं आरोग्य के लिए प्रार्थना की।

डा. महेश शर्मा ने कहा कि हर एक कार्यकर्ता संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और समृद्ध भारत (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हादसों में 2 महिलाओं सहित चार की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक थाना बिसरख क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में कुमारी कविता पुत्री कामता सिंह उम्र 26 वर्ष की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में विनय कुमार पुत्र राजपाल उम्र 39 वर्ष की मौत हो गई है। थाना बीटा- दो क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में श्रीमती लीला अहिरवार पत्नी जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में जनक देव निवासी सेक्टर 53 उम्र (64 वर्ष) की मौत हो गई है।

## 'पं. नेहरू का योगदान, याद रखेगा हिन्दुस्तान'



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज नोएडा महानगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको याद किया। सभी ने सेक्टर-53 स्थित पार्टी कार्यालय पर पं. नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि पं. नेहरू ने देश को आजादी दिलाने में महती भूमिका निभाई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आवारा कुत्तों ने बच्चे को नोंच-नोंचकर मार डाला

**कानपुर ( एजेंसी )।** कानपुर जिले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां आवारा कुत्तों ने दो बच्चों पर हमला कर दिया। एक बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मौत के घाट उतार दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सीटीआई पुल के नीचे हुई। जानकारी के अनुसार आठ से दस कुत्तों ने दोनों बच्चों को सोते हुए उठा लिया और नोंच-नोंचकर घायल कर दिया। कुछ देर में पांच साल की खुशी की मौत हो गई। जबकि एक साल के भोला भारती को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी पीठ में बहुत गहरे घाव हैं। बच्चों की मां पूजा ने बताया 8 से 10 कुत्तों ने बच्चों (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हादसे में दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल

## जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है परिणाम 4 को नजर आएंगे: संजय सिंह

### 'आप' के दिवंगत जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जादौन के घर पहुंचे राज्यसभा सांसद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी तथा राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि इस बार देश की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। 4 जून को इसके परिणाम भी देखने को मिलेंगे। वे सेक्टर-52 स्थित केन्द्रीय विहार में आम आदमी पार्टी के गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष रहे दिवंगत भूपेन्द्र सिंह जादौन के घर पर शोक संवेदना देने पहुंचे थे।

इस दौरान संजय सिंह ने भूपेन्द्र जादौन के बड़े भाई जयपाल सिंह जादौन तथा विनोद जादौन के अलावा भूपेन्द्र की पत्नी व बच्चों से मुलाकात कर उनको हिम्मत दी। संजय सिंह ने उनसे कहा कि कभी भी किसी तरह के मदद की जरूरत पड़े तो आम आदमी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहे 40 तालाबों पर खड़े भवन!

### अवैध निर्माण | प्राधिकरण कर रहा भरपाई, 18 हेक्टेयर में विकसित किए 10 तालाब व 2 वेटलैंड

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में 40 तालाबों पर अतिक्रमण करके उस स्थान पर मकान भी खड़े हो गये हैं। इन तालाबों पर अतिक्रमण ग्रामसमाज तथा तहसील स्तर के अधिकारियों व लेखपालों की मिलीभगत से हुआ है। इसके बाद भी आज तक प्रशासन ने उन तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कोई कारगर पहल नहीं की। अब प्राधिकरण इन तालाबों की कमी की भरपाई कर रहा है।

अब इन तालाबों की भरपाई के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 18 हेक्टेयर जमीन पर 12 तालाब बनवाये हैं। जिसमें दो वेटलैंड भी शामिल हैं। इसके अलावा 4 हेक्टेयर में सेक्टर-167 में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि तालाब की जमीन लाल डोरे में आती है। इस पर अवैध निर्माण हटाने का अधिकार जिला प्रशासन के पास है।

प्रशासन तालाब से अतिक्रमण हटाकर दे तो प्राधिकरण वहीं तालाब विकसित कर देगा। इसको लेकर प्राधिकरण जिला प्रशासन को पत्र लिख चुका है। नोएडा में इस समय सेक्टर-54 और सेक्टर-93 में वेटलैंड बनाए गए है। बता दें कि गौतमबुद्धनगर में आगामी 10 साल में ग्राउंड वाटर लेवल की स्थिति खराब हो सकती है। औसतन सालाना डेढ़ से दो मीटर तक वाटर लेवल गिर रहा है। जिससे यहां पीने योग्य पानी नहीं बचेगा। इसलिए अब जनपद में ग्राउंड वाटर बढ़ाने के लिए तालाबों का एक मास्टर प्लान बनाने की तैयारी है। इसके लिए सेटलाइट इमेज का सहारा लिया जा रहा है। वहीं अतिक्रमित तालाब के स्थान पर 1.25 गुना अधिक तालाब तत्काल बनवाए जाए।



जनपद गौतमबुद्धनगर में शुरुआती दौर में 1,018 तालाब थे। इससमें 67 तालाब नोएडा प्राधिकरण, 281 ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र और 277 तालाब यमुना विकास प्राधिकरण और करीब 361 तालाब ग्राम पंचायत क्षेत्र में है। विगत एक साल में तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में कई तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया। जिसमें से 217 के करीब तालाबों पर अतिक्रमण था। जिसमें नोएडा में 40 तालाब शामिल है।

## मुस्लिम आरक्षण

यह देश किसी एक जाति, संप्रदाय, नस्ल, वर्ग, भाषा और जमात का नहीं है। यह देश हिंदू-मुसलमान या जैन-बौद्ध अथवा सिख-जट या पारसी-ईसाई आदि का भी नहीं है। यह देश दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का भी है तथा अल्पसंख्यक सवर्ण गरीबों का भी है। यह देश समस्त भारतीयों का है, लिहाजा सभी के दुख-सुख और हित में सोचना और नीतियां बनाना अनिवार्य है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि इस बार के आम चुनाव में इस विविधता और व्यापकता पर कोई बहस नहीं की गई। सिर्फ मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा सबसे अधिक गूंजता रहा है। विपक्ष के खेमे का लगभग समवेत स्वर रहा है कि मुसलमानों को आरक्षण जरूर देंगे। लालू यादव तो 100 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को ही देने के पैरोकार हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सार्वजनिक ऐलान किया है कि मुस्लिम आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार पलटवार करते रहे हैं कि वह मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। जब तक वह जिंदा हैं, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। आरक्षण किसी का संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं है। हमारे संवैधानिक पुरखों ने एक व्यवस्था 10 साल के लिए तय की थी, ताकि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमताएं समाप्त की जा सकें, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी वह 'संवैधानिक कृपा' बरकरार है, विषमताएं भी मौजूद हैं, क्योंकि आरक्षण आज भी लागू है। बल्कि आरक्षण आज राजनीतिक हथियार बन चुका है। संविधान पीठ भी फैसला दे चुकी है कि धर्म पर आधारित आरक्षण 'संवैधानिक' नहीं है। कुछ राज्य सरकारों ने मुसलमानों को धार्मिक कोटा देने की जुर्रत की थी, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया। सिर्फ बिहार और बंगाल ही नहीं, मध्यप्रदेश, गुजरात, उप्र, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों में भी कई-कई जातियों की आड़ में मुसलमानों को आरक्षण देने की व्यवस्था है। अदालत की आंख में धूल झोंकी गई है। कई राज्यों में तो भाजपा की सरकारें है। कुछ भी संवैधानिक नहीं है, फिर भी आरक्षण का चुग्गा फेंक कर मुस्लिम तुष्टिकरण और बंधक वोट बैंक की राजनीति खेली जा रही है। मुसलमानों की आड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या सरीखी देश-विरोधी गतिविधियां भी जारी हैं। यह कड़ा आदेश मुख्यमंत्रियों को भी दिया जाना चाहिए कि ऐसे रंगे सियार वोट बैंक असंवैधानिक हैं, लिहाजा देश में एनआरसी भी अनिवार्य की जानी चाहिए। अब तो कुछ दिनों के बाद नई सरकार भारत में बनेगी, लिहाजा वोट बैंक की चिंताएं कम होंगी, लिहाजा भारत सरकार ऐसा अभियान चलाए, ताकि अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जा सके। हम पूरा दोष घुसपैठियों को या वोट बैंक के तुष्टिकरण को ही नहीं दे सकते, क्योंकि देश में ही कांग्रेस पूरी तरह 'मुस्लिमवादी' रही है। मुस्लिमवादियों के अपने कुतर्क हैं। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने ही 2004 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग गठित किया था। उसने 2007 में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। जस्टिस रंगनाथ मिश्र देश के प्रधान न्यायाधीश रह चुके थे। मुसलमानों के लिए ही सच्चर कमेटी का गठन किया गया। यूपीए सरकार के तहत अलग से 'अल्पसंख्यक मंत्रालय' भी बनाया गया, जिसका फोकस मुसलमानों पर ही रहा है। उस दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का विवादास्पद बयान भी सामने आया कि देश के संसाधनों पर पहला दावा और अधिकार खासकर अल्पसंख्यक मुसलमानों का है। 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी का 2012 का एक वीडियो बेनकाब किया है, जिसमें राहुल मुस्लिम आरक्षण का दावा ठोंकते देखे और सुने जा सकते हैं। सवाल है कि इन सरकारों को महज मुसलमानों की ही चिंता क्यों सताती रही है? उनके सरोकार और कार्यक्रम भी मुस्लिम सम्मत क्यों रहे हैं? क्या भारत सिर्फ उन्हीं का देश है? वे करीब 15 फीसदी आबादी हैं। शेष 85 फीसदी आबादी क्या हाथ मलती रहे? यह संवैधानिक न्याय नहीं है। मदद उनकी की जानी चाहिए, जो विपन्न, वंचित और निरक्षर हैं, चाहे उनकी जाति और समुदाय कुछ भी हो। हमारा ही नहीं, यह अधिकांश देश का विनम्र आग्रह है कि बंधक वोट बैंक और तुष्टिकरण के खिलाफ कोई संवैधानिक व्यवस्था बनाई जानी चाहिए और मौलिक अधिकार भी खंडित नहीं होने चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि दुष्ट भी सत्संगति पाकर सुधर जाते हैं, जैसे पारस के स्पर्श से लोहा सुहावना हो जाता है (सुंदर सोना बन जाता है), किन्तु दैवयोग से यदि कभी सज्जन कुसंगति में पड़ जाते हैं, तो वे वहाँ भी साँप की मणि के समान अपने गुणों का ही अनुसरण करते हैं। (अर्थात जिस प्रकार साँप का संसर्ग पाकर भी मणि उसके विष को ग्रहण नहीं करती तथा अपने सहज गुण प्रकाश को नहीं छोड़ती, उसी प्रकार साधु पुरुष दुष्टों के संग में रहकर भी दूसरों को प्रकाश ही देते हैं, दुष्टों का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।)॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बिधि हरि हर कबि कोबिद बानी। कहत साधु महिमा सकुचानी॥**
**सो मो सन कहि जात न कैसें। साक बनिक मनि गुन गन जैसें॥**

ब्रह्मा, विष्णु, शिव, कवि और पण्डितों की वाणी भी संत महिमा का वर्णन करने में सकुचाती है, वह मुझसे किस प्रकार नहीं कही जाती, जैसे साग-तरकारी बेचने वाले से मणियों के गुण समूह नहीं कहे जा सकते॥

**दो0-बंदउँ संत समान चित हित अनहित नहिं कोइ।**
**अंजलि गत सुभ सुमन जिमि सम सुगंध कर दोइ॥**

मैं संतों को प्रणाम करता हूँ, जिनके चित्त में समता है, जिनका न कोई मित्र है और न शत्रु! जैसे अंजलि में रखे हुए सुंदर फूल (जिस हाथ ने फूलों को तोड़ा और जिसने उनको रखा उन) दोनों ही हाथों को समान रूप से सुगंधित करते हैं (वैसे ही संत शत्रु और मित्र दोनों का ही समान रूप से कल्याण करते हैं।)॥

**संत सरल चित जगत हित जानि सुभाउ सनेहु।**
**बालबिनय सुनि करि कृपा राम चरन रति देहु॥**

संत सरल हृदय और जगत के हितकारी होते हैं, उनके ऐसे स्वभाव और स्नेह को जानकर मैं विनय करता हूँ, मेरी इस बाल-विनय को सुनकर कृपा करके श्री रामजी के चरणों में मुझे प्रीति दें॥

(क्रमशः..)

# सियासी शोरगुल में मतदाताओं की खामोशी

देश में तवील अर्से के बाद संयोग बना है कि लोकतंत्र का महापर्व कहे जाने वाले लोकसभा चुनाव तथा लोकप्रियता की बुलंदी को छूने वाले खेल क्रिकेट आईपीएल का शंखनाद एक साथ हुआ। आईपीएल का फाइनल 26 मई 2024 को सम्पन्न हो गया। 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे सियासी संग्राम का परिणाम चार जून 2024 को ईवीएम से बाहर आएगा। क्रिकेट व सियासत का आपस में गहरा नाता तथा समानताएं रही हैं। दोनों ही खेल धनबल, कूटनीति व रणनीति से लबरेज तथा आम लोगों की पहुंच से दूर हैं। चुनाव हों या आईपीएल सरीखे टूर्नामेंट, हजारों करोड़ रुपए दांव पर लगे होते हैं। नतीजों को लेकर अटकलों का बाजार भी गर्म रहता है। सियासी शंतरज के माहिर खिलाड़ी सियासी रहनुमां मैदान-ए-सियासत में पलटी मार कर कब किस सियासी जमात में शामिल हो जाएं, पता नहीं। वहीं आईपीएल में कौनसा खिलाड़ी भविष्य में किस टीम का हिस्सा बन जाए, यह भी तय नहीं। क्रिकेटर हों या सियासी रहनुमां, देश में दोनों का रुतबा आम लोगों से ऊपर माना जाता है। सियासत में वर्चस्व बरकरार रखने व क्रिकेट में बादशाहत कायम रखने के लिए जुबानी जंग का दौर भी जारी रहता है। दोनों ही खेलों में परिणाम के बाद पलकों से जज्बातों का सैलाब भी छलकता है। चुनावी फिजाओं का रुख भांपने में माहिर सियासी वैज्ञानिक तथा क्रिकेट के पंडित न्यूज चैनलों पर अक्सर मौजूद रहते हैं।



जिस प्रकार क्रिकेट लोकप्रियता की बुलंदी पर काबिज हो चुका है, ठीक उसी प्रकार सियासत भी राष्ट्रीय खेल का रूप ले चुकी है। कई पूर्व नौकरशाह, सिल्वर स्क्रीन के अदाकार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा मजहब के रहनुमां देश का पसंदीदा खेल बन चुकी सियासत में किस्मत आजमा कर जम्हूरियत की पंचायतों की शोभा बढ़ा चुके हैं तथा कई पहुंचने को बेताब हैं। सैकड़ों इंकलाबी युवाओं की कुर्बानियों के बाद बर्तानियां हुकूमत का सूर्यास्त हुआ तथा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हुई थी, लेकिन सियासत के बढ़ते खुमार के आगे देश के लिए राष्ट्रवाद के मजमून लिखकर जम्हूरी निजाम बहाल करने में कुर्बानियां देने वाले इंकलाबी चेहरे इतिहास में गुमनाम हो गए। वहीं अंग्रेजों की खेल विरासत क्रिकेट की लोकप्रियता ने अन्य खेलों व खिलाडियों को हाशिए पर धकेल दिया है। हमारे देश की करोड़ों आबादी बीपीएल की श्रेणी में जीवनयापन कर रही है, मगर विदेशी खिलाड़ी व कोच हर वर्ष आईपीएल में करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। देश का लगभग प्रत्येक राज्य हजारों करोड़ रुपय का कर्ज लेकर 'चार्वाक' के सिद्धांत का अनुसरण पूरी शिद्दत से कर रहा है। लेकिन इक्तदार हासिल करने के लिए लोकलुभावन वादे न किए जाएं, तो सियासत की तासीर बिगड़ जाती है। जबकि सियासत का मिजाज बन चुके अधूरे सियासी वादों से परेशान होकर लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। विपक्ष में बैठकर सभी सियासी रहनुमां बेरोजगारी व महंगाई पर जोरदार ताकीद पेश करते हैं। बेशक प्रजातंत्र का सरमाया देश का शिक्षित वर्ग बेरोजगारी के सैलाब में फंस चुका है। आम लोग आसमान छू रही महंगाई से जूझ रहे हैं।

> **चुनावी दौर में मतदाताओं की खामोशी तथा प्रजातंत्र की ताकत युवा वेग के चेहरे पर उदासीनता की झलक जम्हूरियत की तबीयत को नासाज कर देगी। बढ़ती जनसंख्या तथा बेरोजगारी देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा कर सकती है।**

लेकिन बेरोजगारी व महंगाई के बढने् के कारणों पर कभी तफसील से मंथन नहीं होता। चुनावी प्रचार के दौरान सियासी दल युवाओं को सरकारी नौकरियों के हसीन ख्वाब दिखाते हैं, नतीजतन युवा वर्ग रोजगार के लिए सरकारों पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। दूसरी विडंबना यह है कि भारत में 'लार्ड मैकाले' द्वारा ईजाद किया गया तालिमी निजाम शारीरिक परिश्रम व जमीनी स्तर की मेहनत के बजाय सरकारी नौकरी को ज्यादा तरजीह देता है। इसी कारण अंग्रेजी झाडने् वाली अफसरशाही तथा सियासी व्यवस्था धरातल पर सोज-ए-वतन की हकीकत से मुखातिब होने में नाकाम रही है। प्रजातंत्र की बुनियाद डिग्री धारक बेरोजगार युवाओं के हिज्र का दर्द तथा करोड़ों आबादी को खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाले अन्नदाता किसानों की संवेदनाएं समझने में मुल्क का सियासी निजाम विफल रहा है। बेरोजगारी व बढ़ती महंगाई का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार से बढ़ रही जनसंख्या है। वोट बैंक की सियासत के चलते बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के मुद्दे पर सियासी दल गुफ्तगू करने से परहेज करते हैं। मुफ्तखोरी की भूमिका पर अंकुश लगाना मुश्किल हो चुका है। जिस तीव्रता से देश में जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, उतने रोजगार उपलब्ध कराना किसी भी सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती है।

देश की सियासत ज्यादातर जाति, मजहब, आरक्षण, मुफ्तखोरी की खैरात, आरोप-प्रत्यारोप, दलबदल, चुनावी मंचों से जहरीली तकरीरें व विवादित बयानबाजी की तवाफ करती है, जबकि आम लोगों की कई समस्याएं चुनावी शोरगुल में दब कर रह जाती हैं। सरकारी शिक्षा व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रही है। सरकारी अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। भ्रष्टाचार सिस्टम में पैर पसार चुका है। रोजगार की तलाश में प्रतिभाएं देश से पलायन कर रही हैं। नशे के सरगना युवा पीढ़ी का मुस्तकबिल बर्बाद कर रहे हैं। लाखों गोवंश सडकों पर अपना भाग्य कोस रहा है। अतः प्रजातंत्र के इन मुद्दों पर भी सियासी नजर-ए-करम की जरूरत है। सियासत में जोर आजमाईश का मकसद केवल सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के लिए नहीं होना चाहिए। चुनाव अंतिम चरण में है, मगर इस बार चुनावी शोरगुल के दौरान मतदाताओं में खामोशी की रजामंदी का आलम रहा है।

लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना पड़ा। निर्वाचन आयोग को भी मतदान के लिए लोगों से अपील करनी पड़ी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट की ताकत से ही देश की दिशा तय होती है। अलबत्ता जब पड़ोस में चीन व पाकिस्तान जैसे नामुराद मुल्क मौजूद हों, तो देश के सियासी नेतृत्व का चुनाव सशक्त व दमदार प्रत्याशी के तौर पर होना चाहिए। बहरहाल चुनावी दौर में मतदाताओं की खामोशी तथा प्रजातंत्र की ताकत युवा वेग के चेहरे पर उदासीनता की झलक जम्हूरियत की तबीयत को नासाज कर देगी। बढ़ती जनसंख्या तथा बेरोजगारी देश में सामाजिक अस्थिरता का तनाजुर पैदा कर सकती है। लिहाजा मुफ्तखोरी की योजनाओं के बजाय युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम होना चाहिए।

**-प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

## पौंग सेंक्चुरी में माफिया का अतिक्रमण

साल 1971 में पौंग बांध के निर्माण के बाद नहरों का जाल बिछने से राजस्थान की रेतीली ज़मीन तो सोना उगलने लगी लेकिन कांगड़ा जिले के 339 डूबे गांवों के हजारों परिवारों के दिलों में कभी न भर पाने वाले ज़ख्म छोड़ गयी। गत 50 साल से अधिक समय से पौंग बांध विस्थापन ने बेशुमार विवादों, जनसमस्याओं को जन्म दिया है। सरकार, प्रशासन, ख़ासकर राजनेताओं की अनदेखी, संवेदनहीनता के कारण पौंग डैम वेटलैण्ड तथा वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी की मूल्यवान धरोहर को नष्ट करने के मन्सूबों पर कोई अंकुश नहीं दिखाई दे रहा। पौंग डैम महज़ विस्थापन की समस्या नहीं है। इसके बेशुमार शेड्स हैं। फिलहाल इस लेख का मकसद वैटलैंड एरिया में गुज्जरों के अस्थायी डेरों से पर्यावरण और वन्य जीव-जन्तुओं के बर्बाद होने की ज्वलन्त समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करना है। देश भर में कुल 662 वन्य जीव अभयारण्य हैं जिनमें से पौंग डैम का 207.59 कि. मी. दूर तक फैला क्षेत्र भी शामिल है। साल 1972 में हिमाचल सरकार ने वाइल्ड लाइफ प्रोटैक्शन एक्ट पास किया था जिसके सेक्शन 27 के मुताबिक सेंक्चुरी एरिया में किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध है ताकि वन्य जीव-जन्तु, पक्षी, मधुमखियां, तितलियां व सभी प्रकार के वन्यजीव सुरक्षित रह सकें। लेकिन गत 50 साल से जम्मू-कश्मीर, पंजाब के अनेक क्षेत्रों से बड़ी तादाद में गुज्जर अपनी भैंसों, गायों व अन्य पालतू पशुओं के साथ बेरोकटोक पौंग डैम में पानी के किनारों की ज़मीन को अपना अस्थायी आशियाना बना लेते हैं।

पौंग डैम में बीबीएमबी की हजारों एकड़ भूमि में राजनेताओं की कथित दख़लअंदाजी व माफिया दबंगई के बाद बीजी गयी गेहूं की फसल कटने के बाद अप्रैल से जुलाई-अगस्त तक गुज्जर समुदाय के लोग अपनी हजारों भैंसों के साथ हरी भरी उपजाऊ ज़मीन पर डेरा जमा लेते हैं। कोई 60 हजार से ज्यादा भैंसों के गोबर, गून्तर से और सडकों तक में विचरने से स्वच्छता अभियान को ठेस लग रही है। भैंसों के साथ आए गुज्जरों के परिवार खुले में शौच करते हैं और मल-मूत्र जनित बीमारियों पैदा करते हैं। भैंसों के चरने से उनके खुरों से ज़मीन नरम हो जाती है और मानसून के आते ही यह गन्दगी व रेत पौंग डैम के पानी में जमा हो रही है। इससे डैम में भारी मात्रा में गाद जमा हो रही है। पर्यावरणविदों का आरोप है कि गुज्जर कट्टियों को तो संभाल कर रखते हैं, लेकिन कट्टुओं को पैदा होते ही मार देते हैं और उन्हें डैम के पानी में बहा देते हैं। ऐसी क्रूरता के उदाहरण भी कम नहीं हैं जब वे कट्टुओं का गला काट कर उनका सिर भैंसों के आगे रख देते हैं ताकि वो दूध के लिए न बिफरें। पालतू पशुओं के साथ यह क्रूरता की इन्तहा है जिस पर गुज्जरों के ख़िलाफ मुकद्दमें दर्ज होने चाहिएं। मरे हुए पशुओं से पर्यावरण को कितना नुकसान हो रहा है, इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। बीबीएमबी की जमीन पर जिसे वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी और अंतरराष्ट्रीय स्तर का वैटलैण्ड और रैमसर साइट घोषित किए गए हैं, उस पर गुज्जर समुदाय का माफिया बेख़ौफ अवैध गतिविधियों में संलिप्त है। हैरत यह है कि पुलिस, प्रशासन, सरकार, राजनेता सब चुप्पी साधे हुए हैं। मूल रूप से गुज्जरों की 'तानाशाही' के लिए हिमाचल सरकार का वन विभाग का वाइल्ड लाइफ विंग जिम्मेदार है। लेकिन वह क्यों आंखें मूंदे बैठा है, इसकी वजह पौंग डैम एरिया में सक्रिय पर्यावरणविद बताते हैं, ''राजनेता, पुलिस, बीबीएमबी और वन विभाग के अधिकारियों का पौंग बांध में सक्रिय माफिया के साथ कथित रूप से गठजोड़ और अलिखित संधि है। प्रवासी परिन्दों को देखने, नौका विहार करने और वन सम्पदा का अवलोकन करने के लिए देश-विदेश से असंख्य सैलानी आते हैं।

लेकिन 50 साल में माफिया ने सेंक्चुरी और वैटलैण्ड में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देकर मुनाफे के लिए इसका लगातार दोहन किया है और पर्यावरण को बुरी तरह रौंद डाला है। हर साल सर्दियों में साइबेरिया से आने वाले करीब डेढ़ लाख प्रवासी परिन्दों का शिकार जारी है। वन विभाग द्वारा शिकारियों को पकडने् और उन्हें सज़ा दिलाने के प्रयास कहीं नहीं दिखाई देते। इस मामले में स्थानीय ग्राम पंचायतों के प्रधान व वार्ड मेम्बर भी अपने दायित्व के निर्वहन के प्रति खामोश हैं। बताते हैं कि गुज्जर समुदाय के लोग छह महीने तक अपने डेरे जमाए रखने के लिए अफसरों को लाखों का चढ़ावा चढ़ाते हैं और यहां मजे से डटे रहते हैं। पौंग बांध क्षेत्र में विगत एक दशक से सक्रिय एक अग्रणी पर्यावरणविद मिलखी राम शर्मा ने हिमाचल हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। 7 अक्तूबर 2023 को याचिका संख्या 41/2023 का फैसला हुआ था। न्यायालय ने गुज्जरों की भैंसों से पैदा होने वाली पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का कड़ा संज्ञान लेते हुए हिमाचल सरकार को निर्देश दिए थे, 'हम विश्वास व आशा करते हैं कि पौंग डैम वेटलैण्ड क्षेत्र व वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी को बर्बाद करने के प्रयासों पर तुरन्त प्रतिबन्ध लगेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, (वन), पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ), सीसीएफ (नार्थ), धर्मशाला व हमीरपुर के डीएफओ (वाइल्ड लाइफ), एसपी व डीसी कांगड़ा इस विषय में कोर्ट के आदेशों को लागू करें। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।' लेकिन धरातल पर सरकार के उक्त सभी अधिकारियों की कार्रवाई शून्य है। मिलखी राम शर्मा व उनकी एनजीओ के अन्य सदस्य शीघ्र ही हिमाचल सरकार के अधिकारियों के विरुद्ध कोर्ट की अवमानना का केस दायर करने का मन बनाए हुए हैं।

इस मामले में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेन्ट बोर्ड की चुप्पी भी अख़रती है। अपनी ड्यूटी के प्रति अवहेलना की यह पराकाष्ठा है। आखिर क्यों वे अपनी ज़मीन पर अवैध गतिविधियों के प्रति कबूतर की तरह आंखें मूदे हुए हैं। डैम में लगातार सिलटिंग की समस्या के प्रति चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि बीबीएमबी की भी गुज्जर माफिया, अपनी ज़मीन पर अवैध खेती और अन्य गतिविधियों के प्रति मूक बने रहने के पीछे कोई निहित मन्शा है। साल 2008 के बाद पौंग डैम के कुठेड़ा टापू और पौंग डैम से विस्थापित परिवारों के प्रत्येक गांव में चुनाव बूथ स्थापित हो रहे हैं। लेकिन वे क्यों अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं शायद वे खुद नहीं जानते। इस बार यहां के हजारों वोटरों ने भी मन बनाया है कि वे राजनेताओं को सबक सिखाने के लिए संभवतः नोटा का प्रयोग करेंगे?

**-राजेंद्र राजन**

## राशिफल

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : पंचमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
यह सप्ताह आपनी फीलिंग्स को जाहिर करने या रिश्ते में अगला कदम उठाने की इच्छा पैदा कर सकता है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
इस सप्ताह आपके और आपके पार्टनर के बीच अनसुलझे झगड़े बढ़ सकते हैं। यह खुली और ईमानदार बातचीत के लिए सही सप्ताह है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
इस सप्ताह आप घर और वंश के प्रति मजबूत आकर्षण का अनुभव कर सकते हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आपको मेलजोल के बजाय अकेले रहने की जरूरत नहीं है। उन झगड़ों और नाटकों में शामिल होने के बजाय जो आपको थका देते हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आपको परिवार से अतिरिक्त आय और बैकअप मिलने की संभावना है, जिससे बेहतर बंधन बनेगा और इस प्रकार घर में शांति रहेगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
इस सप्ताह आपका आकर्षण कृश का ध्यान आकर्षित करेगा। आप महसूस कर सकते हैं कि कोई स्पेशल व्यक्ति आपको नोटिस कर रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आप अपने पार्टनर से जितना प्यार करेंगे, एहसास उतना ही गहरा होगा और तब आपको अपने रिश्ते की खूबसूरती का एहसास होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
सरकारी तंत्र से लाभ होगा। राजनीतिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
इस सप्ताह अपना ध्यान दूसरे लोगों की मंजूरी पाने की कोशिश से हटाकर खुद पर केंद्रित करें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ आपका जो बंधन है, खासकर उनके जो करीबी हैं, वे प्रेम और शक्ति का स्रोत हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
यह सप्ताह डर से निपटने का सप्ताह है। अपने पार्टनर के साथ खुली और ईमानदार बातचीत में उन विषयों पर चर्चा करें

# ठप्प पड़ा है एलजी गोलचक्कर से एक्सप्रेसवे लिंक रोड का निर्माण कार्य

- कब तक काम होगा पूरा इसकी कोई डेडलाइन तय नहीं
- निर्माण न होने से परी चौक पर लगता जाम



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और नोएडा प्राधिकरण की ओर से आठ वर्ष पहले एलजी गोलचक्कर से नालेज पार्क होते हुए हरनंदी के रास्ते नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले लिंक रोड का निर्माण जल्द पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।

पूर्व में नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाली जमीन के विवाद के कारण किसानों से समझौता नहीं हो रहा था, लेकिन करीब तीन महीने पहले ये समस्या भी सुलझ गई है। बावजूद इसके ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निर्माण कार्य में तेजी नहीं दिख रही है। नॉलेज पार्क-तीन में पुश्ते के पास अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका।

इस कारण परीचौक और एलजी गोलचक्कर पर व्यस्त समय के अलावा भी जाम की स्थिति रहती है। सितंबर में मोटो जीपी प्रस्तावित है और उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो होना है, अगले साल ऑटो एक्सपो का आयोजन होगा। इन तीनों ही आयोजन के दौरान वाहनों का दबाव बढ़ जाएगा।

हर बार कि तरह जगह जगह रूट डायवर्ट किया जाएगा। लिंक रोड बनने से औद्योगिक सेक्टरों और आवासीय सेक्टरों में जाने वाले हजारों वाहनों को परी चौक पर नहीं आना पड़ेगा, जिसका सीधा असर परी चौक के जाम को करने पर पड़ेगा। ये हाल तब है कि जब कि प्राधिकरण की हर बोर्ड बैठकों में परी चौक के जाम की समस्या प्रमुख एजेंडा में होती है।

2015 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एलजी गोलचक्कर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक रोड की योजना बनाई थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के हिस्से में जमीन खरीदने में कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन आठ वर्ष से नोएडा क्षेत्र के किसान अधिग्रहण की राशि पर सहमत नहीं थे।

इसी वर्ष मार्च में ये समस्या भी दूर हो गई। उधर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब खोदाई का काम शुरू किया है और जमीन को खाली कराया जा है। ये हाल तब है जब आठ वर्ष से ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में किसी तरह की रुकावट नहीं थी। परियोजना कब तक पूरा होगी इसकी डेडलाइन तक तय नहीं की गई है।

उधरनोएडा की तरफ बन रही एप्रोच रोड हरनंदी पुल से नोएडा एक्सप्रेसवे की 45 मीटर सर्विस रोड तक करीब 623 मीटर लंबी होग। निर्माण कंपनी ने कार्य शुरू दिया है।

इस पूरे प्रोजेक्ट पर 147 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। नालेज पार्क से ये लिंक रोड करीब तीन किलोमीटर लंबा है। इसे 60 मीटर चौड़ा बनाया जाना। इस लिंक रोड पर एक पुल हरनंदी नदी पर सेतु निगम बनाएगा, जिसकी लागत करीब 62 करोड़ रुपये है।

दिल्ली से एक्सप्रेसवे होते हुए परीचौक होते हुए ग्रेटर नोएडा एलजी चौक, कलक्ट्रेट , सूरजपुर व गाजियाबाद को जाने वाले यातायात को 16 किमी अतिरिक्त चलना पड़ता था। इसके बनने से ऐसा नहीं होगा।

इस लिंक रोड बनने से नोएडा के सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 159, 160, 162 औद्योगिक सेक्टरों ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा, बीटा, सूरजपुर, साइट बी व सी औद्योगिक क्षेत्र, डेल्टा, पुलिस लाइन, ईकोटेक दो व तीन आदि को फायदा होगा।

# छुरा लहराकर दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**नोएडा।** शहर के थाना सेक्टर-24 पुलिस ने क्षेत्र के गांव मोरना में स्टेशनरी की दुकान करने वाले पर छुरी से हमला करने और हत्या की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से दो चाकू भी बरामद किए हैं।

मोरना के नरेंद्र गौतम ने शनिवार को दर्ज कराई एफआईआर में बताया था कि वह घर के नीचे ही स्टेशनरी की दुकान करते हैं। शिवा नाम का युवक उसी मकान में चौथी मंजिल पर रहता है। शनिवार सुबह शिवा स्टेशनरी की दुकान पर आया और अपने साथी अरुण उर्फ डागी को भी वहीं बुला लिया। कई अन्य युवक भी मौके पर जमा हो गए।

दुकान पर भीड़ जमा होता देख नरेंद्र ने शिवा और अरुण से कहा कि वह दुकान के सामने भीड़ न लगाएं क्योंकि इससे ग्राहकों को परेशानी होगी। इतनी सी बात पर अरुण उर्फ डागी नाराज हो गया और गाली-गलौज करते हुए चला गया। कुछ ही देर बाद अरुण छुरा लेकर आया और नरेंद्र के ऊपर वार करने का प्रयास किया।

नरेंद्र ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद युवक दुकान के सामने छुरा लहराते हुए दुकानदार की हत्या करने की धमकी देने लगा। इसका 29 सेकेंड का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। प्रसारित वीडियो में अरुण हाथ में छुरा लिए हुए दिख रहा है। आसपास भीड़ जमा है। सभी लोग युवक के हाथ में छुरा देखकर भयभीत हैं। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस अरुण और उसके साथी शिवा की तलाश में दबिश दे रही थी। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि रविवार सुबह दोनों नामजद आरोपित अरुण और शिवा को गांव मोरना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ऑडी कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



नोएडा। कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में कल सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। कंचनजंगा मार्केट के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ऑडी कार की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग हवा में लहराते हुए करीब दस मीटर दूर जाकर गिरे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक के पुत्र ने अज्ञात चालक के खिलाफ शिकायत दी है।

सेक्टर-53 के प्रदीप कुमार साह ने दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-53 में रहते हैं। प्रदीप के पिता जनक देव रोजाना की तरफ रविवार सुबह साढ़े पांच बजे टहलते निकले थे। वह टहलने के बाद अक्सर दूध लेकर घर आते थे।

जब वह कंचनजंगा मार्केट स्थित मदर डेयरी से दूध लेकर काफी देर तक नहीं लौटे तो प्रदीप ने उन्हें खोजना शुरू किया। इसी दौरान प्रदीप ने देखा कि उसके पिता कंचनजंगा मार्केट में ही सड़क के किनारे लहूलुहान हालत में मृत पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने शिकायतकर्ता को बताया कि अज्ञात वाहन का चालक जनक देव को टक्कर मारकर फरार हो गया है।

डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है। कार चालक की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है।

हादसे का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है, जिसमें दिख रहा है कि एक बुजुर्ग पैदल ही जा रहे हैं। थोड़ी ही देर बाद एक तेज रफ्तार सफेद रंग की ऑडी कार बुजुर्ग की तरफ आते हुए दिखती है। देखते ही देखते कार चालक सामने आ रहे बुजुर्ग को टक्कर मार देता है।

बुजुर्ग काफी देर तक हवा में लहराते हुए जमीन पर गिरते हैं और उनकी मौके पर ही मौत हो जाती है। सिर के बल गिरने से बुजुर्ग ने तुरंत ही दम तोड़ दिया है। वीडियो घटनास्थल के आसपास स्थित दुकानों और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

स्थानीय लोग घटना के समय चालक के नशे में होने की बात कह रहे हैं। हादसे के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपित कार सवार वाहन समेत मौके से फरार हो गया। कार के नंबर के आधार पर फरार चालक की पहचान की जा रही है।

# देवर्षि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस पर समारोह आयोजित

**मोहननगर (चेतना मंच)।** गाजियाबाद स्थित तकनीकी शिक्षा के रूप में प्रख्यात प्रमुख केंद्र आइटीएस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विश्व संवाद केंद्र मेरठ के द्वारा गाजियाबाद में देवर्षि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित किया गया।



'देवर्षि नारद जयंती देवासी नारद जयंती व हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह' कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात विवेक द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना से की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नूपुर जे शर्मा, मुख्य वक्ता अनंत विजय, व आशुतोष भटनागर ने पत्रकारिता के विषय में व नारद जयंती के सम्मान में अपने विचार रखे। जिसमें उन्होंने चार प्रमुख स्तम्भों में से एक पत्रकारिता के साथ-साथ कई पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया।

नूपुर जे शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता में सच को सच ही कहना चाहिए परंतु कुछ धर्म निरपेक्षता के कारण पत्रकार सच नहीं लिख पाते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनंत विजय ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता में पारदर्शिता की समस्या केवल पत्रकारिता में ही नहीं बल्कि शिक्षा की भी समस्या है।

नारद जयंती की महत्वता बताते हुए आशुतोष भटनागर ने कहा कि देवर्षि नारद कोई एक व्यक्ति नहीं ये एक उपाधि है, एक गुण और मूल्यों को मिलाकर कहें तो पत्रकारिता में सम्मानित देवर्षि नारद है। इन्हीं मूल्यों और गुण को सभी पत्रकार अपनाए और आगे बढ़ें।

पत्रकारिता से जुड़े बंधुओं और भगिनी के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में, वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर उनके सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन आशीष राय ने की व इसका समापन अखिलेश (गाजियाबाद विभाग प्रचार) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बहन मानसी के वंदेमातरम गायन हुआ। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह देवेंद्र और व्यवस्था के बंधु करुण, अमित, वीरेंद्र, तुषार और अन्य बंधु उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**जनता सत्ता परिवर्तन...**

दिखाई देगी। उन्होंने परिवारीजनों को अपना मोबाइल नंबर भी नोट करवाया ताकि जरूरत पड़ने पर वे उन्हें फोन कर सकें। आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव राकेश अवाना ने बताया कि भूपेन्द्र जादौन का निधन 14 फरवरी को हुआ था। उन्हें ब्रेन हैमरेज हो गया था तथा वे करीब डेढ़ माह तक अस्पताल में भर्ती रहे थे।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, जिला महासचिव राकेश अवाना, उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति, उपाध्यक्ष सतीश गौतम, दीप बेलवाल, जतन भाटी, आशुतोष आदि भी मौजूद थे।

**मां ज्वाला देवी की...**

बनाने के सपने को पूरा कर 400 पार करने का लक्ष्य प्राप्त करेंगे और अधिक से अधिक मतदान कराकर लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज व विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी सुधीर शर्मा को भारी मतों से विजयीश्री दिलायेंगे।

इस अवसर पर विधायक विपिन परमार, पवन काजल एवं जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली मौजूद थे।

**भीषण गर्मी ने ली...**

पुलिस ने बताया कि थाना ईकोटेक- तीन क्षेत्र में रहने वाले धर्म सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में रहने वाले हरि प्रीत सिंह (35 वर्ष) की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रहने वाले संजय (47 वर्ष) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है।

**जेल से सजा काटकर...**

के लिए भेज दिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि है कि शालू पंजाब प्रांत के जनपद लुधियाना में हुए एक हत्याकांड में दोषी पाए गए थे, तथा उन्हें 20 वर्ष की सजा हुई थी। अभी एक हफ्ते पूर्व वह जेल से छूटकर अपने घर आए थे।

**आवारा कुत्तों ने...**

को सोते हुए उठा लिया। दोनों को बुरी तरह नोंच-नोंचकर घायल कर दिया। बेटी की मौत हो गई, बेटा गंभीर घायल है। उन्होंने बताया कि आसपास मीट की दुकानें हैं, इस कारण ऐसी घटनाएं हो रही हैं। मां पूजा बच्चों के साथ सीटीआई पुल के नीचे सो रही थी। जब आवारा कुत्तों ने दोनों मासूम बच्चों पर हमला किया।

**पं. नेहरू का योगदान...**

नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर समस्त कांग्रेसजनों ने आज उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कहा स्वर्गीय पंडित नेहरू जी का योगदान देश हमेशा याद रखेगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष व युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शहाबुद्दीन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नोएडा कांग्रेस नेता यतेन्द्र शर्मा ने कहा आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन करते हैं।

इस मौके पर नोएडा महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन, अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी,पूर्व महानगर सचिव विक्रम चौधरी, लालाराम, मोहम्मद खान, रुस्तम अली, अरुण शर्मा कार्यालय प्रभारी, रोहित कुमार, सतीश, मुनीश सिंह, सौरभ कुमार, सुबोध कुमार,ज्ञान सिंह, रोहित चौधरी, तोता राम सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# धर्म के आधार पर आरक्षण स्वीकार नहीं : सीएम योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों पर एक बार फिर हमला बोला है। इस मामले में कांग्रेस का इतिहास दागी बताते हुए तथा समाजवादी पार्टी को तुष्टिकरण की हद पार करने वाली पार्टी करार देते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान की मूल भावना के विपरीत और पूरी तरह असंवैधानिक कृत्य है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को अगर थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी।

सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए घोसी संसदीय क्षेत्र रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिमों को आरक्षण देने को लेकर विपक्षी दलों में मची हो ? को खतरनाक बताते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है।

# हिमाचल प्रदेश में पं. साहित्य कुमार चंचल का सम्मान

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रसिद्ध कवि पंडित साहित्य कुमार चंचल का संस्कृति मंत्रालय द्वारा हिमाचल के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में चयन हुआ है।

भारत सरकार से सम्मानित नोएडा के कवि व लेखक पंडित साहित्य कुमार चंचल को शिमला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ के लिए संस्कृति मंत्रालय की चयन समिति द्वारा चयनित किया गया है।

गौरतलब है कि संस्कृति मंत्रालय स्वर धरोहर फेस्टिवल के बैनर तले पूरे देश के अलग-अलग प्रांतों में विगत वर्षों से सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम करता आ रहा है। जिसके अंतर्गत देश के चुनिंदा कलमकारों का चयन किया जाता है।

नोएडा शहर के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि नोएडा के रहने वाले पंडित साहित्य कुमार चंचल गत वर्ष भी जून में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में



झांसी के ऐतिहासिक रानी लक्ष्मीबाई किले की प्राचीर से अपनी कविताओं के माध्यम से दहाड़ लगा चुके हैं। इस वर्ष भी पूरे देश में आयोजित कार्यक्रमों की सूची में शिमला हिमाचल प्रदेश में होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के लिए काव्य पाठ के लिए चंचल सहित 14 कवि व शायर रचनाकारों को चयनित किया गया है।

पंडित साहित्य चंचल जनवादी व सामाजिक चेतना के कवि होने के साथ-साथ भारत सरकार में जन सूचना अधिकारी के रूप में राजपत्रित अधिकारी रह चुके हैं।

# यमुना प्राधिकरण ने तैयार की 14 सेक्टरों के 33499 भूखंडों की कुंडली

## कब्जे के लिए आवंटियों को करना होगा इंतजार




**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने 14 सेक्टरों के 33499 भूखंडों की कुंडली तैयार की है। प्राधिकरण इसमें से 30358 भूखंडों का आवंटन कर चुका है, लेकिन नौ हजार से अधिक ऐसे भूखंड हैं, जिनका कब्जा अभी तक आवंटियों को नहीं मिल सका है। भूखंडों का विकास न हो पाने के कारण आवंटियों को कब्जा मिलने से बचे हैं। 359 भूखंडों की जमीन पर न्यायालय का स्थगन होने के कारण आवंटियों को कब्जे के लिए इंतजार करना होगा।

यमुना प्राधिकरण ने 2009 में पहली आवासीय भूखंड योजना निकाली थी। इसके बाद प्राधिकरण आवासीय, उद्योग, संस्थागत, वाणिज्यक उपयोग श्रेणी के लिए भूखंड योजनाओं में संपत्ति का आवंटन करता आ रहा है, लेकिन आवंटित भूखंडों में से कितनों पर कब्जा दिया जा चुका है। कितने अभी आवंटित होने से बचे हैं, कितने भूखंडों के विकास में बाधा है, विकास कार्य में रुकावट क्या है, इसका डाटा प्राधिकरण के पास समेकित रूप में उपलब्ध नहीं था।

प्राधिकरण ने करीब डेढ़ साल की कवायद के बाद सभी 14 सेक्टरों के 33499 भूखंडों की कुंडली तैयार कर ली है। इससे प्राधिकरण अधिकारियों को जवाब मिल गया है कि अभी उन्हें कितने भूखंडों पर आवंटियों को कब्जा देना है और कितने भूखंडों के विकास में बाधाएं हैं।

यीडा ने सबसे अधिक आवासीय भूखंडों का आवंटन किया है। आवासीय सेक्टर 16,17, 18, 20 व 22 डी में प्राधिकरण ने 29947 भूखंडों का आवंटन किया है। इसमें से 28319 के आवंटियों को कब्जा भी दे दिया है, लेकिन प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर में अभी भी बसावट न के बराबर है।

सुविधाओं व सुरक्षा की कमी के कारण लोग सेक्टरों में बसने को तैयार नहीं हैं। संस्थागत के दो सेक्टर 170 भूखंडों का आवंटन हुआ है और 130 को ही कब्जा मिल पाया है।

यमुना प्राधिकरण ने औद्योगिक शहर बसाने के लिए छह औद्योगिक सेक्टर में 3382 भूखंडों का आवंटन किया है। लेकिन लंबा वक्त बीतने के बाद भी प्राधिकरण को औद्योगिक शहर का स्वरूप नहीं मिल पाया है। महज चार इकाई ही अभी तक क्रियाशील हुई हैं। दो शुरू होने को तैयार हैं।

खास खबर

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़ गया। इस बढ़त के साथ यह 648.7 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह विदेशी मुद्राभंडार में बढ़ोतरी का लगातार तीसरा सप्ताह है। इससे पहले के सप्ताह में यह 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा था। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 648.56 अरब डॉलर के सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। भारत की तरह ही 17 मई खत्म हुए हफ्ते के दौरान पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में भी इजाफा हुआ है। यह 2.20 करोड़ डॉलर बढ़कर 9.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.36 अरब डॉलर बढ़कर 569.01 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। एफसीए का इस्तेमाल केवल उन लेनदेन के लिए किया जा सकता है जो विदेशी मुद्रा में किए जाते हैं। इसका उपयोग घरेलू लेनदेन के लिए नहीं किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार यानी गोल्ड रिजर्व का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 57.19 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार यानी एसडीआर 11.3 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 18.17 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 16.8 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रह गई।

### डिजिकोर स्टूडियो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 के कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ में 145 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** प्रोजेक्ट्स के विभिन्न रेंज के लिए विजुअल इफैक्ट्स (वीएफएक्स) की डिलीवरी में सुविज्ञता रखने वाली, डिजिकोर स्टूडियो लिमिटेड (एनएसई ड्ढडिजिकोर) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए डिजिकोर स्टूडियो लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अभिषेक मोरे ने कहा, हम सहर्ष वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही के हमारे परिणाम की घोषणा करते हैं, जो हमारे व्यूहात्मक ग्रोथ और निरंतर इनोवेशन को दर्शाते हैं इस अवधि की मुख्य विशेषता कनाडा और यूएसए में वरिष्ठ प्रतिभा की हमारी व्यूहात्मक हायरिंग रही है, जो उल्लेखनीय प्रॉमिस दर्शा रही है. हम वरिष्ठ प्रोफेशनल जैसे जेसन स्परलिंग को क्रिएटिव डायरेक्टर और वीएफएस सुपरवाइजर, डेविड क्रोफोर्ड को मॉन्ट्रियल में स्टूडियो हेड के रूप में और मरीना अब्रम्यन को वीएफएक्स एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में नियुक्त कर रोमांचित है. इन प्रोफेशनल में से हर एक ने अपने साथ अनुभव की संपत्ति और उद्योग कनेक्शन का मजबूत नेटवर्क लाया है, जिससे हम हमारे ग्रोथ को आगे बढ़ाने और नए सुअवसर प्राप्त होने की उम्मीद करेंगे . वर्चुअल प्रोडक्शन सेट के लिए विश्व का प्रथम क्लाउड आधारित मार्केटप्लेस का लॉन्च किया जाना सर्विस आफरिंग, लचीलापन और कार्य कुशलता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है. डिजिकोर का क्लाउड आधारित प्लेटफार्म कंटेंट और टूल्स से समृद्ध व्यूहात्मक भागीदारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पैठ करने के लिए तैयार है. कंपनी विश्व भर में कुछ वीएफएक्स स्टूडियो में से एक है, जिसने रिसर्च और डेवलपमेंट तथा इनोवेशन में भारी निवेश किया है और रिसर्च और डेवलपमेंट में हमारा निवेश आकांक्षी फिल्म निर्माता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शैक्षिक पहल के साथ तकनीकी प्रगति में हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. संक्षेप में हमारी उपलब्धि व्यूहात्मक विजन और एक्सीलेंस के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है. मुख्य बाजारों के रूप में नॉर्थ अमेरिका और यूरोप को टारगेट करने की योजना के साथ हमारा उद्देश्य हमारी सफलता की ट्रांजैक्ट्री को बरकरार रखना और हमारे क्लाइंट को अपवादात्मक वैल्यू प्रदान करना है.

# पांच महीने में 50 अरब डॉलर कमा चुके हैं जेंसन हुआंग

### मुकेश अंबानी की रिलायंस से 10 गुना बड़ी है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपने 25 साल पहले इस कंपनी में 10,000 डॉलर लगाए होते तो आज आपके निवेश की वैल्यू 2.53 करोड़ डॉलर होती। यह कंपनी 1999 में लिस्ट हुई थी और अब तक 250,000 प्रतिशत रिटर्न दे चुकी हैं। भारत के भी कम से कम 15 म्यूचुअल फंड्स ने इस कंपनी में निवेश किया है। हम बात कर रहे हैं एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया कॉर्प की। यह माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल के बाद दुनिया की तीसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसका मार्केट कैप 2.618 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है। यानी यह भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से 10 गुना बड़ी है। मुकेश अंबानी की इस कंपनी का मार्केट कैप 241.21 अरब डॉलर है। एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले रईस हैं।



### जेंसन हुआंग की नेटवर्थ

एनवीडिया के शेयरों में हाल में काफी तेजी आई है। इससे कंपनी के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में भी काफी उछाल आई है। वह 93.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर आ गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 49.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। यानी उन्होंने हर महीने 10 अरब डॉलर की कमाई की है। इस दौरान मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ 42 अरब डॉलर और माइकल डेल की नेटवर्थ में 38.2 अरब डॉलर की तेजी आई है जबकि एलन मस्क ने 38.1 अरब डॉलर गंवाए हैं।

### 1993 में स्थापना

एनवीडिया की स्थापना जेंसन हुआंग ने की थी। हुआंग का जन्म साल 1963 में ताइवान में हुआ था। उनका बचपन ताइवान के अलावा थाईलैंड में गुजरा। साल 1973 में उनके माता-पिता ने उन्हें अमेरिका में अपने रिश्तेदारों के पास भेज दिया था और फिर कुछ दिन बाद वे भी अमेरिका चले आए थे। ह्1द्वस्त्रद्बड्ड की स्थापना अप्रैल 1993 में हुई थी। शुरुआत में यह कंपनी वीडियो-गेम ग्राफिक्स चिप्स बनाती थी। जब कंपनी का शेयर 100 डॉलर पर पहुंचा था तो हुआंग ने अपने बाजू पर कंपनी के लोगो का टैटू बनवाया था। एनवीडिया में अब उनकी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### शेयर में तेजी

कोरोना काल कंपनी के लिए वरदान बनकर आया। इस दौरान एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी आई। क्रिप्टो बूम के कारण इसके माइनिंग में चिप के इस्तेमाल में तेजी आई। लेकिन फिर कंपनी के शेयरों की कीमत दो-तिहाई गिर गई थी। लेकिन एआई का चलन बढ़ने से फिर कंपनी के दिन फिरने लगे। हुआंग का कहना है कि एआई कंप्यूटर क्रांति की अगुवाई कर रहा है। इसे इस्तेमाल करना आसान है, इसलिए यह तेजी से बढ़ रही है। कोई भी इंडस्ट्री इससे अछूती नहीं रहेगी। दुनियाभर की कंपनियां ज्यादा पावरफुल कंप्यूटरों का रुख कर रहे हैं जो चैटजीपीटी जैसे जेनरेटिव एआई को हैंडल कर सकें।

### प्रॉफिट में छह गुना तेजी

माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों में एनवीडिया से ज्यादा से ज्यादा चिप लेने की होड़ मची है। साथ ही सऊदी अरब और यूएई भी कंपनी से हजारों चिप खरीद रहे हैं। इतना ही नहीं चीन की कंपनियां टेंसेंट और अलीबाबा भी एनवीडिया के दरवाजे पर खड़ी हैं। इससे साफ है कि एनवीडिया के चिप की दुनिया में कितनी मांग है। चैटबॉट और दूसरे टूल्स के बढ़ते चलन के कारण आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की उम्मीद है। पिछले साल कंपनी के प्रॉफिट में 628 फीसदी और रेवेन्यू में 268 प्रतिशत तेजी आई।

## यूनीहेल्थ का वित्त वर्ष 24 का कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ 36 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक हेल्थ केयर सर्विस प्रदाता, यूनीहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड (एनएसई: यूनीहेल्थ) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की और सब्सिडियरी कंपनी यूएमसी हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड' के इनकॉरपोरेशन की घोषणा की है. यूनिहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड के हाल के अपडेट कंपनी ने हाल में 22 मई ,2024 को अपनी सब्सिडियरी कंपनी यूएमसी हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड के इनकॉरपोरेशन के साथ महत्वपूर्ण डेवलपमेंट की घोषणा की. यह विस्तार भारत के अंदर हेल्थ केयर क्षेत्र में और भारतीयों को हेल्थ केयर सेवा प्रदान करने में यूनीहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है दर्शन पर टिप्पणी करते हुए यूनीहेल्थ कंसलटेंसी के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ,डॉ.अक्षय परमार ने कहावित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 24 में कंपनी के प्रदर्शन को देखते हुए मैं सर्विस डिलीवरी के प्रति हमारी टीम के समर्पण को देखकर गौरवान्वित हूं, इनोवेशन और व्यूहात्मक भागीदारी कंपनी के विजन को आगे बढ़ाने के साथ निरंतर ग्रोथ हासिल करने में मदद कर रही है .हमारी मार्जिन में उल्लेखनीय वृद्धि उद्योग के डायनामिक नेचर को रेखांकित करती है, जहां हेल्थ केयर की उभरती जरूरतो का निराकरण करने के लिए इनोवेशन और सहयोग महत्वपूर्ण है.

अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में ऑर्थोपेडिक्स और स्पाइन जैसी मुख्य स्पेशलटीज डेवलप करने के लिए कंपनी द्वारा किया गया निवेश हमारे मरीज और उनकी देखभाल करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. यूनीहेल्थ माय मेडिकल ट्रैवल प्रोग्राम और हमारी वितरण भागीदारी जैसे फिक्सडर्मा इंडिया के साथ हमारा सहयोग सकारात्मक ग्लोबल हेल्थ केयर प्रभाव डालने के हमारे मिशन को आगे बढ़ा रहा है.

अफ्रीका में हमारी उपस्थिति हेल्थ केयर स्टैंडर्ड में सुधार करने के हमारे मौजूदा समर्पण को प्रदर्शित करती है. युगांडा ,नाइजीरिया और तंजानिया स्थित हमारी मौजूदा यूनिटों में देखे गए अनुसार अफ्रीकन समुदाय की विशिष्ट जरूरत को पूरा करने के लिए हम सहजता से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. हमारी कंसल्टेंसी सेवाओं में वृद्धि विश्व भर के पार्टनरों और क्लाइंट द्वारा कंपनी में आदर्श गए विश्वास को दर्शाता है. आगामी वित्त वर्ष में कंपनी और ग्रोथ तथा विविधीकरण के लिए तैयार है. कंपनी युगांडा और नाइजीरिया में अपने मौजूदा हॉस्पिटलों में आईवीएफ, आप्थाल्मालॉजी और कार्डियक जैसी विशिष्ट सेवाएं शुरू करेगी तथा वह तंजानिया और भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रही है. कंपनी ने उसे बढ़ाने के लिए भारत में यूएमसी हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड और मॉरिशस में यूनीहेल्थ होल्डिंग्स लिमिटेड जैसी सब्सिडियरी की स्थापना की है. वित्त वर्ष 2024 ङ्क25 की समाप्ति से पहले तंजानिया और भारत में यूएमसी हॉस्पिटल सुविधा में 150 से 250 बेड की स्थापना द्वारा बेड क्षमता बढ़ाने की योजना है. कंपनी द्वारा मावंज (तंजानिया) में नियोजित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में इस वित्त वर्ष के दौरान कमर्शियल उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है ।

## सालों बाद बोनस शेयर देने जा रही एमएम फोर्जिंग्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्लोज्ड डाई फोर्जिंग्स कंपनी एमएम फोर्जिंग्स के शेयरहोल्डर्स के लिए अच्छी खबर है। कंपनी पहली बार बोनस शेयर देने जा रही है। एमएम फोर्जिंग्स ने कहा है कि उसके बोर्ड मेंबर 29 मई को अपनी आगामी बैठक में मार्च तिमाही के नतीजों के साथ बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। यदि मंजूरी मिल जाती है छह सालों में कंपनी का पहला बोनस शेयर होगा। इससे पहले इसने आखिरी बार 2018 में बोनस शेयर जारी किया था। तब कंपनी ने 1ः1 बोनस इश्यू जारी किया गया था।



कंपनी ने अपने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि वह अपने शेयरधारकों को बोनस शेयरों के साथ डिविडेंड भुगतान पर भी विचार करेगी। इसने पिछले दो सालों में अपने हाई डिविडेंड का भुगतान किया है, 2022 और 2023 दोनों में 6 प्रति शेयर वितरित किया है। एमएम फोर्जिंग्स भारत में फोर्जिंग का एक महत्वपूर्ण निर्यातक है, जो अपनी वेबसाइट के अनुसार खुद को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए क्लोज्ड डाई फोर्जिंग के एक व्यापक प्रोवाइडर के रूप में स्थापित करता है। कंपनी 1.1 लाख मीट्रिक टन की संयुक्त क्षमता वाले 10 प्लांट संचालित करती है। ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी ने 1,200 के टारगेट प्राइस के साथ एमएम फोर्जिंग्स स्टॉक को बाय रेटिंग दी है। बता दें कि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने 404.15 करोड़ की समेकित कुल आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही की कुल आय 400.73 करोड़ से 0.85 प्रतिशत अधिक है और पिछली समान तिमाही की तुलना में 7.41 प्रतिशत की वृद्धि है। साल की कुल आय 376.27 करोड़। कंपनी ने नवीनतम तिमाही के लिए 33.54 करोड़ का कर पश्चात शुद्ध लाभ भी दर्ज किया। एमएम फोर्जिंग के शेयरों में शुक्रवार को 1 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका वर्तमान प्राइस 1,129 रुपये है। 2024 में अब तक इसमें 15.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले 12 महीनों में स्टॉक में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और यह पिछले पांच सालों में दोगुना हो गया है।

## ब्राजील, कनाडा, यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं। भारत ने डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय में अपील दायर की थी, जो ऐसे व्यापार विवादों पर अंतिम प्राधिकरण है। ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने इन समर्थन उपायों पर भारत के खिलाफ मामले दायर किए थे।

## हीरो फिनकॉर्प पर आरबीआई ने लगाया 3.1 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हीरो ग्रुप की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी हीरो फिनकॉर्प पर लाखों का जुर्माना ठोका है। आरबीआई ने इस एनबीएफसी पर कुल 3.10 लाख रुपए का जुर्माना ठोका है। कंपनी पर आरबीआई ने फेयर प्रैक्टिस कोड से जुड़े कुछ नियमों का पालन नहीं करने के कारण यह पेनल्टी लगाई है। रिजर्व बैंक ने इस बारे में कहा कि कंपनी पर रेगुलेटरी कारणों से कार्रवाई की गई है। इस जुर्माने का ग्राहकों पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा।




### लोन की शर्तें ठीक से नहीं समझाने का आरोप

रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि हीरो फिनकॉर्प ने अपने ग्राहकों को उनकी लोकल भाषा में लिखित तौर पर कर्ज के नियम और शर्तों को नहीं समझाया। आरबीआई के नियमों के अनुसार किसी भी बैंक और एनबीएफसी को किसी भी ग्राहक को लोन देने के लिए लोकल भाषा में लिखित तौर पर सभी नियमों को समझाना आवश्यक है। कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद आरबीआई ने 31 मार्च 2023 को कंपनी का निरीक्षण किया था।

रिजर्व बैंक ने कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद पहले उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया था लेकिन आरबीआई कंपनी के जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाया। उसके बाद केंद्रीय बैंक ने इस एनबीएफसी पर 3.10 लाख रुपए का जुर्माना ठोका।

### क्या करती है हीरो फिनकॉर्प

हीरो फिनकॉर्प टू व्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय कंपनी है, जो ग्राहकों को कई तरह की वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है।

## आरबीएल बैंक ने इंटरेस्ट रेट में किया बंपर इजाफा

### अब सेविंग अकाउंट पर भी मिलेगा 7.75 प्रतिशत तक ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अपनी जमा पूंजी को सेविंग अकाउंट में इन्वेस्ट करके बंपर मुनाफा कमाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। दरअसल, प्राइवेट सेक्टर के बड़े लैंडर आरबीएल बैंक ने अपने सेविंग अकाउंट इंटरेस्ट रेट में इजाफा कर दिया है। इंटरेस्ट रेट में इस इजाफे के बाद ग्राहकों को सेविंग अकाउंट पर 4.25 पर्सेंट से लेकर 7.75 पर्सेंट तक का ब्याज मिलेगा। ये ब्याज दरें 1 लाख रुपये के डेली बैलेंस वाले खाताधारकों के लिए लागू होगा। बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार बढ़ी हुई नई ब्याज दरें 24 मई से लागू हैं। ब्याज दरों में इस इजाफे के बाद ग्राहकों को 1 लाख रुपये तक के डेली बैलेंस पर 4.25 पर्सेंट का ब्याज मिलेगा। जबकि बैंक 1 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक की राशि पर 5.50 पर्सेंट, 10 लाख रुपये से ऊपर और 25 लाख रुपये तक की जमा राशि पर 6 पर्सेंट, 25 लाख रुपये से ऊपर और 2 करोड रुपये तक की जमा राशि पर 7.50 पर्सेंट, 2 करोड रुपये से ऊपर और 3 करोड रुपये तक की जमा राशि पर 7 पर्सेंट और 3 करोड रुपये से ऊपर और 7.5 करोड़ रुपये तक की जमा राशि पर 6.50 पर्सेंट का ब्याज देगा। दूसरी ओर बैंक 7.5 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड रुपये तक की जमा राशि पर 6.25 पर्सेंट, 50 करोड रुपये से लेकर 75 करोड रुपये तक की जमा राशि पर 5.25 पर्सेंट, 75 करोड रुपये से लेकर 125 करोड रुपये तक की जमा राशि पर सबसे अधिक 7.75 पर्सेंट, 125 करोड रुपये से लेकर 200 करोड रुपये तक की जमा राशि पर 6 पर्सेंट, 200 करोड रुपये से ऊपर और 400 करोड़ रुपये तक की जमा राशि पर 4 पर्सेंट और 400 करोड रुपये से ऊपर की जमा राशि पर 6.75 पर्सेंट का ब्याज ऑफर कर रही है। बता दें कि 31 मार्च, 2024 तक बैंक के पास देश में कुल 545 शाखा हैं।




## 100 अरब डॉलर के पार बिड़ला ग्रुप का मार्केट कैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। समूह की कंपनियों का बीएसई पर संयुक्त बाजार मूल्यांकन 8,51,460.25 करोड़ रुपये आंका गया है। आदित्य बिड़ला समूह ने कहा, समूह के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी ने बाजार के मानक सूचकांकों सेंसेक्स एवं निफ्टी को सालाना आधार पर एक साल, तीन साल और पांच साल की समय सीमा में पीछे छोड़ दिया है।



बयान के मुताबिक, एक साल और तीन साल की अवधि में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भी समूह की बाजार पूंजी में वृद्धि एसएंडपी की तुलना में दोगुनी रही है।

समूह की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, ग्रासिम, हिंडाल्को, आदित्य बिड़ला कैपिटल, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी, वोडाफोन आइडिया, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल, टीसीएनएस क्लोदिंग, आदित्य बिड़ला मनी, सेंचुरी टेक्सटाइल्स, सेंचुरी एंका, पिलानी इन्वेस्टमेंट शामिल हैं।

### इन कंपनियों का दबदबा

ग्रासिम का पिछले तीन वर्षों में बाजार पूंजीकरण दोगुना होकर 19 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। वहीं हिंडाल्को का बाजार पूंजीकरण दो साल से भी कम समय में दोगुना हो गया है। वोडाफोन आइडिया ने भी एक साल में अपना बाजार पूंजीकरण लगभग तीन गुना कर लिया है। इसी तरह सेंचुरी टेक्सटाइल्स ने सिर्फ एक साल में ही अपनी बाजार पूंजी लगभग तीन गुना कर ली है।

### हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का मुनाफा

इस बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का मुनाफा 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 31.6 प्रतिशत बढ़कर 3,174 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि, एल्युमीनियम और तांबे के व्यापार खंडों में मजबूत मार्जिन और मात्रा बढ़ने के कारण है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 2,411 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। तिमाही के दौरान कुल आय एक साल पहले की अवधि के 56,209 करोड़ रुपये से बढ़कर 56,356 करोड़ रुपये हो गई।

## अडानी के इस शेयर की सेंसेक्स इंडेक्स में एंट्री, विप्रो को किया रिप्लेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन 24 जून से बीएसई के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स इंडेक्स के 30 शेयरों में शामिल हो जाएगी। एक आधिकारिक घोषणा में शुक्रवार को बताया गया कि अडानी पोर्ट्स सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगी। द्बद्बस्रु अल्टरनेटिव रिसर्च ने घोषणा से पहले एक नोट में अनुमान लगाया था कि भारत की चौथी सबसे बड़ी आईटी कंपनी विप्रो को बाहर किए जाने के बाद 500 करोड़ रुपये की निकासी हो सकती है। इन बदलावों की घोषणा एसएंडपी डॉव जोन्स इंडेक्स और बीएसई के ज्वाइंट वेंचर एशिया इंडेक्स ने की। एशिया इंडेक्स ने कहा कि ये बदलाव सोमवार, 24 जून, 2024 से प्रभावी होंगे।

इसके अलावा टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड सेंसेक्स 50 में प्रवेश करेगी। वह डिवीज लैबोरेटरीज लिमिटेड की जगह लेगी। इसी तरह, पेज इंडस्ट्रीज, एसबीआई कार्ड्स, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, जुबिलेंट फूडवर्क्स, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज अब एसएंडपी बीएसई 100 इंडेक्स का हिस्सा नहीं होंगे और उनकी जगह आरईसी लिमिटेड, एचडीएफसी एएमसी, केनरा बैंक, कमिंस इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक लेंगे। वहीं, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अब 24 जून से बीएसई बैंकेक्स का हिस्सा नहीं होंगे और उनकी जगह यस बैंक, केनरा बैंक लेंगे। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार के कारोबार में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के शेयर 4.22 फीसदी तक गिरकर 1,382.15 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। क्लोजिंग प्राइस 1415 रुपये है। यह शेयर के 1.89 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के रवि सिंह ने बिजनेस टुडे से कहा, शेयर में 1,550 रुपये के टारगेट तक पहुंचने की क्षमता है।

## शेयर बाजार में बढ़ गए फ्रॉड, बेंगलुरु वालों को 4 महीने में लगा 200 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी सिटी बेंगलुरु में पिछले कुछ समय के दौरान स्टॉक मार्केट फ्रॉड के मामलों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले चार महीनों में शहर के लोगों को कुल 197 करोड़ रुपए का चूना लगा है। सूत्रों के अनुसार, बेंगलुरु पुलिस के साइबर क्राइम सेल ने पिछले चार महीने में कुल 735 ऐसे मामले दर्ज किए हैं, जिनमें लोगों के साथ निवेश के नाम पर फ्रॉड को अंजाम दिया गया है। हैरानी की बात ये है कि एक भी मामले में पुलिस रिकवरी करने में सफल नहीं रही है। वहीं 10 फीसदी मामले में केवल बैंक खाते को फ्रीज किया जा सका है।

फरवरी के महीने में सबसे ज्यादा स्टॉक मार्केट फ्रॉड के मामले सामने आए हैं। साइबर पुलिस ने मामलों की जांच के लिए स्पेशल टीम का गठन किया है। पुलिस के मुताबिक अकेले फरवरी 2024 में हर दिन स्टॉक मार्केट फ्रॉड से जुड़े 8 केस रजिस्टर हुए हैं। कुल 237 मामलों में लोगों से निवेश के नाम पर 88 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है।



गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों में लोगों के बीच स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय विकल्पों में निवेश का क्रेज बढ़ा है। ऐसे में साइबर अपराधी निवेश के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

### लालच के कारण निवेशक बन रहे शिकार

अतिरिक्त संयुक्त पुलिस आयुक्त चंद्रगुप्त ने मामले पर बताया कि लोग लालच के कारण इन अपराधियों का शिकार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि फ्रॉड के शिकार हुए ज्यादातर लोग 30 साल से कम उम्र के हैं और मार्केट के बारे में जानते हैं लेकिन ज्यादा रिटर्न की लालच में अपराधियों का शिकार बन रहे हैं। मार्च 2024 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने निवेशकों को आगाह करते हुए कहा था कि कई साइबर अपराधी बड़े वित्तीय संस्थान से जुड़े होने का दावा करके नकली सर्टिफिकेट दिखाकर निवेशकों को निशाना बना रहे हैं। इन नकली सर्टिफिकेट को सेबी से जारी होने का दावा किया जा रहा है।

# केकेआर बना आईपीएल चैंपियन

## खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से रौंदा

**केकेआर ने हैदराबाद को हराकर तीसरी बार जीती आईपीएल ट्रॉफी**

**10 साल बाद चैंपियन बनी टीम वेंकटेश अय्यर की फिफ्टी**

● चेन्नई, एजेंसी

**गेंदबाजों** के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद (52) और रहमानउल्लाह गुरबाज (39) रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। केकेआर ने 10 इंतजार के बाद एक बार फिर से आईपीएल की ट्रॉफी पर कब्जा किया। आईपीएल में कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में सुनील नरेन (06) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उसके बाद रहमानउल्लाह गुरबाज और वेंकटेश अय्यर ने पारी को संभाला। वेंकटेश ने 28 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (52) रनों की पारी खेली। जीत के करीब नौवें ओवर में गुरबाज 32 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर छह रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस और शाहबाज अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



### ऑरेंज कैप

| | | |
|---|---|---|
| विराट कोहली | आरसीबी | 741 |
| गायकवाड़ | चेन्नई सुपरकिंग्स | 583 |
| रियान पराग | राजस्थान रॉयल्स | 573 |

### पर्पल कैप

| | | |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल | पंजाब किंग्स | 24 |
| वरुण चक्रवर्ती | केकेआर | 21 |
| जसप्रीत बुमराह | मुंबई इंडियंस | 20 |

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो स्टार्क | 02 | 5 | 0 | 0 |
| हेड का गुरबाज बो वैभव | 00 | 1 | 0 | 0 |
| त्रिपाठी का रमन बो स्टार्क | 09 | 13 | 1 | 0 |
| मार्करम का स्टार्क बो रसेल | 20 | 23 | 3 | 0 |
| नितीश का गुरबाज बो हर्षित | 13 | 10 | 1 | 1 |
| क्लासेन बोल्ड हर्षित | 16 | 17 | 1 | 0 |
| शाहबाज का नरेन बो चक्रवर्ती | 08 | 7 | 0 | 1 |
| समद का गुरबाज बो रसेल | 04 | 4 | 0 | 0 |
| कमिंस का स्टार्क बो रसेल | 24 | 19 | 2 | 1 |
| जयदेव पगबाधा बो नरेन | 04 | 11 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन

कुल : 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन : 1-2, 2-6, 3-21, 4-47, 5-62, 6-71, 7-77, 8-90, 9-113, 10-113

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| स्टार्क | 3 | 0 | 14 | 2 |
| वैभव अरोड़ा | 3 | 0 | 24 | 1 |
| हर्षित राणा | 4 | 1 | 24 | 2 |
| नरेन | 4 | 0 | 16 | 1 |
| रसेल | 2.3 | 0 | 19 | 3 |
| चक्रवर्ती | 2 | 0 | 9 | 1 |

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज पगबाधा बो शाहबाज | 39 | 32 | 5 | 2 |
| नरेन का शाहबाज बो कमिंस | 06 | 2 | 0 | 1 |
| वेंकटेश नाबाद | 52 | 26 | 4 | 3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 6 | 3 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल: 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन

विकेट पतन : 1-11, 2-102

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| भुवनेश्वर | 2 | 0 | 25 | 0 |
| कमिंस | 2 | 0 | 18 | 1 |
| नटराजन | 2 | 0 | 29 | 0 |
| शाहबाज | 2.3 | 0 | 22 | 1 |
| जयदेव | 1 | 0 | 9 | 0 |
| मार्करम | 1 | 0 | 5 | 0 |

## इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन हराया

**बर्मिंघम** : कप्तान जॉस बटलर (87) और विल जैक्स (37) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया है। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्द ही गवां थे। मोहम्मद रिजवान (00) और सईम अयूब (02) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान बाबर आजम और फखर जमान ने पारी को संभाला। बाबर आजम 26 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 21 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। शादाब खान (3), आजम खान (11), इफ्तिखार अहमद (23) और इमाद वसीम (22) रन बनाकर आउट हुए। शाहीन शाह अफरीदी (9) रन और मोहम्मद आमिर पांच रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 19.2 ओवर में 160 रन पर समेट कर मुकाबला 23 रन से जीत लिया। इंग्लैंड की ओर से रीस टॉप्ली को तीन विकेट मिले। मोईन अली और जोफ्रा आर्चर ने दो-दो विकेट लिए। आदिल रशीद, लियम लिविंगस्टन और क्रिस जॉर्डन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एमिटी और ईमी का मैच रहा ड्रा

**नई दिल्ली** : डीएसए ए डिवीजन लीग ईमी हीरोज और एमिटी इंडियन नेशनल के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ड्रा रहा। एमिटी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच विकास दलाल ने दोनों गोल किए। ईमी के गोल आशुतोष और हाओकिप ने किए। उधर, डीएसए सीनियर डिवीजन सुपर सिक्स मुकाबलों में यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर नेशनल यूनाइटेड ने शास्त्री फुटबाल क्लब को 2-0 से और हिन्दुस्तान एफसी ने वायुसेना पालम को 4-1 से परास्त किया। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में यूनाइटेड भारत ने अजमल को 2-1 से हराया। नेशनल यूनाइटेड की जीत का हीरो अबॉय सिंह रहा जिसने सातवें मिनट में बेहतरीन गोल जमाया। दूसरा गोल अमरजीत सिंह ने किया। हिंदुस्तान के गोल रॉबिनसन, रोनाल्डो सिंह और सैमुअल जोएल ने जमाए। विजेता के लिए एक गोल का योगदान वायुसेना के मोहम्मद आकिब के सेल्फ गोल का रहा। यूनाइटेड भारत और अजमल के बीच खेला गया मैच करीबी रहा। मोहम्मद एजाज और एन लाल सिंगसिट ने यूनाइटेड के गोल जमाए। विदित शर्मा ने पराजित अजमत का इकलौता गोल किया।

## दीपा कर्माकर ने जिमनास्टिक में जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक



**ताशकंद** : भारत की दीपा कर्माकर ने रविवार को एशियन जिमनास्टिक चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं के वॉल्ट अपरेटस में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित स्पर्धा में कर्माकर ने यह कारनामा किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय जिमनास्ट एशियन चैंपियनशिप में किसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा है। महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में 30 वर्षीय ओलंपियन कर्माकर ने 13.566 का औसत स्कोर हासिल किया और उत्तर कोरिया की किम सोन-हयांग (13.466) और जो क्योंग-ब्योल (12.966) से आगे रहीं। भारतीय जिमनास्टिक में दीपा की पहले से ही प्रभावशाली पदकों की सूंची में अब वॉल्ट स्वर्ण पदक भी जुड़ गया है। वह ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट भी हैं और रियो 2016 में महिलाओं के वॉल्ट में अविश्वसनीय प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रहीं - यह ग्रीष्मकालीन खेलों में किसी भी जिमनास्ट द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

# अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे विराट

● मुंबई, एजेंसी

**टीम** इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेले जाने वाले अभ्यास मैच में नहीं खेलेंगे। कोहली ने आईपीएल के बाद खेल से छोटा ब्रेक ले लिया है। इस वजह से 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के अभ्यास मैच में नहीं खेल पाएंगे। टीम के उपकप्तान हार्दिक पंड्या और संजू सैमसन भी देर से टीम से जुड़ेंगे। कोहली ने आईपीएल 2024 में 15 मैचों में 741 रन बनाए हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का पहला बैच 25 मई को रवाना हो गया। पहले बैच के साथ स्टार बैटर विराट कोहली नहीं गए हैं। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया कि कोहली ने हमें पहले ही सूचित कर दिया था कि वह देर से टीम में शामिल होंगे और यही कारण है कि बीसीसीआई ने उनके वीजा अपॉइनमेंट को देरी से रखा है। उनके 30 मई की सुबह न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। बीसीसीआई उनके रिक्वेस्ट पर सहमत हो गया है। वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के पहले बैच के रवाना होने का फोटो बीसीसीआई ने पोस्ट किया है। इसमें टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी और टीम स्टाफ शामिल थे। दूसरा बैच आईपीएल 2024 के फाइनल मैच के बाद सोमवार को रवाना होगा। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया 25 मई को अमेरिका के लिए रवाना हुई। कोहली ने आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। वो इस सीजन में ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाए, उनकी औसत 61.75 और स्ट्राइक रेट 153 से भी ज्यादा रहा। इस बार का टी-20 वर्ल्ड कप 2 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।



## आईपीएल 2024 में किसको कितना मिला

1. विजेता टीम (कोलकाता नाइट राइडर्स)- 20 करोड़ रुपये
2. उपविजेता टीम (सनराइजर्स हैदराबाद)- 12.5 करोड़ रुपये
3. तीसरे नंबर वाली टीम (राजस्थान रॉयल्स)- 7 करोड़ रुपये
4. चौथे नंबर वाली टीम (आरसीबी)- 6.5 करोड़ रुपये

पिच एंड ग्राउंड अवार्ड : राजीव गांधी स्टेडियम हैदराबाद ( 50 लाख)

ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन)- विराट कोहली (741 रन)- 10 लाख

पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट)- हर्षल पटेल (24 विकेट)- 10 लाख

मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द सीजन- सुनील नरेन- 10 लाख

क्रेड पावर प्लेयर ऑफ द सीजन- वेंकटेश अय्यर (10 लाख और ट्रॉफी)

इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन- नितीश रेड्डी (10 लाख और ट्रॉफी)

पेटीएम फेयरप्ले अवॉर्ड- सनराइजर्स हैदराबाद (10 लाख, ट्रॉफी)

परफेक्ट कैच ऑफ द सीजन- रमनदीप सिंह- (10 लाख और ट्रॉफी)

इलेक्ट्रिक स्ट्राइकर ऑफ द सीजन- जैक फ्रेजर (10 लाख और ट्रॉफी)

ड्रीम 11 गेमचेंजर ऑफ द सीजन-सुनील नरेन (10 लाख और ट्रॉफी)

सुपर सिक्सेस ऑफ सीजन- अभिषेक शर्मा, 10 लाख

प्लेयर ऑफ द मैच- मिचेल स्टार्क- (5 लाख और ट्रॉफी)

परफेक्ट कैच ऑफ द मैच- रमनदीप (1 लाख)

इलेक्ट्रिक स्ट्राइकर ऑफ द मैच- वेंकटेश अय्यर (1 लाख और ट्रॉफी)

गेमचेंजर ऑफ द मैच- मिचेल स्टार्क (1 लाख और ट्रॉफी)

पावर प्लेयर ऑफ द मैच- वेंकटेश अय्यर (1 लाख और ट्रॉफी)

## चोटिल जेसन होल्डर टी-20 विश्व कप से बाहर

**केपटाउन** : वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान जेसन होल्डर चोट के कारण चार जून से शुरु होने वाले टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के साथ टी-20 सीरीज खेले रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मकॉए, होल्डर की जगह लेंगे। होल्डर को यह चोट काउंटी चैंपियनशिप मैच के दौरान लगी थी। क्रिकेट वेस्टइंडीज की जारी विज्ञप्ति में यह नहीं बताया है कि होल्डर को यह चोट कहां लगी है और उन्हें इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेंस ने बताया कि जेसन एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनकी अनुपस्थिति से निश्चित रूप से असर पड़ेगा।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब से चूकी पीवी सिंधु

● कुआलालंपुर, एजेंसी

**पूर्व** विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में रविवार को चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी से हारकर खिताब जीतने से चूक गई।

यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने पहला गेम जीत लिया और उसके बाद वांग झी यी ने दूसरा गेम अपने नाम कर लिया। इसके बाद सिंधु ने एक घंटा 28 मिनट तक चले मैच के अंतिम और निर्णायक गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंत में पीवी सिंधु को वांग झी यी से 21-16, 5-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने मैच की शुरुआत से ही दूसरी वरीयता प्राप्त वांग को कड़ी टक्कर दी। पहले गेम में ब्रेक के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने बढ़त हासिल करने के लिए तेजी से अंक लेना शुरू कर दिया और 21-16 से जीत हासिल करते हुए मजबूत शुरुआत की। दूसरे गेम के बाद सिंधु ने ब्रेक से पहले आठ अंकों की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, वांग झी यी ने एकबार फिर शानदार वापसी की और 13-ऑल के स्कोर पर पहुंचने से पहले घाटे को कम करने के लिए लगातार पांच अंक लिए। उसके बाद से चीनी शटलर ने सिंधु को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और साल का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए एक घंटे और 19 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। चार मुकाबलों में सिंधु की वांग के खिलाफ यह दूसरी हार थी।



# बांग्लादेश ने जीता मैच, अमेरिका ने सीरीज

**बांग्लादेश ने तीसरे टी-20 में अमेरिका को 10 विकेट से हराया**

**हूस्टन, एजेंसी** : मुस्तफिजुर रहमान 10 रन देकर छह विकेट और उसके बाद तंजिद हसन नाबाद (58) तथा सौम्य सरकार नाबाद (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शनिवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हरा दिया है। हालांकि अमेरिका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की तंजिद हसन और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट खोए 11.4 ओवर में 108 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। तंजिद हसन ने 42 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (58) रनों की पारी खेली। वहीं सौम्य सरकार ने 28 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (43) रन बनाए। यहां टॉस जीतकर बांग्लादेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शयन जहांगीर और ऐंड्रियस गौस ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। जहांगीर (18) और गौस (27) रन बनाकर आउट हुये। मुस्तफिजुर रहमान की गेंदबाजी के आगे कोई भी अमेरिकी बल्लेबाज टिक नहीं खेल सका। नितीश कुमार (3), मिलिंद कुमार (7), कप्तान ऐरन जोंस (2), कोरी एंडरसन (18), शैडली वान शाल्कविक (12), जसदीप सिंह (6) और निसर्ग पटेल (2) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 104 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने छह विकेट लिए।

तनजीम हसन साकिब, शाकिब अल हसन और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




# भाला फेंक ने भारत को बड़ा झटका

## चोटिल नीरज ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट से हुए बाहर

● चेकिया, एजेंसी

**अभ्यास** के दौरान चोटिल हुए नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा नहीं लेंगे।

विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेबल इवेंट के आयोजकों ने पुष्टि इस जानकारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 28 मई को चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा को कुछ सप्ताह पहले प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें ट्रेनिंग से बाहर होना पड़ा था। हालांकि नीरज वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 63वें संस्करण में अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने नीरज चोपड़ा की जगह जर्मनी के जूलियन वेबर को शामिल कर लिया है। ओस्ट्रावा में पुरुषों के भाला फेंक में घरेलू पसंदीदा एथलीट जैकब वाडलेज, टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता और मौजूदा डायमंड लीग और गोल्डन स्पाइक चैंपियन भी शामिल होंगे। पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब नीरज को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से बाहर होना पड़ा। उन्हें पिछले वर्ष भी प्रतिस्पर्धा के लिए इस सूची में शामिल किया गया था, लेकिन मांसपेशियों में चोट के कारण वह इसमें शामिल नहीं हो सके थे। ओस्ट्रावा मीट को नीरज चोपड़ा की सत्र की तीसरी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा को अगले 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सूची में शामिल किया गया है।

**आयोजकों ने नीरज चोपड़ा की जगह जर्मनी के जूलियन वेबर को किया शामिल**



# वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर सीरीज ने बनाई अजेय बढ़त

● किंगस्टन, एजेंसी

**वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी-20 में 16 रन से हराया**

**रॉस्टन** चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अकील हुसैन ने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। क्विंटन डिकॉक ने 17 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। अगले ही ओवर में रॉस्टन चेज ने रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर वेस्टइंडीज की झोली में दूसरा विकेट झटकते हुए दक्षिण अफ्रीका की रनों की रफ्तार को लगाम लगा दी। रीजा हेंड्रिक्स ने 18 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 34 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। रायन रिकलटन (17) और मैथ्यू ब्रीत्जके (12) एंडिले फेहुक्वायो (3), वियान मुल्डर (9) और कप्तान रासी वान दर दुसें (30) रन बनाकर आउट हुए। ब्योर्न फार्टेन (9) और एन पीटर (10) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने तीन विकेट लिए। रॉस्टन चेज, अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में जॉनसन चार्ल्स (7) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान ब्रैंडन किंग और काइल मेयर्स ने पारी को संभाला। सातवें ओवर में पीटर ने ब्रैंडन किंग को आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरा झटका दिया। काइल मेयर्स 16 गेंदों में (32), आंद्रे फ्लेचर 18 गेंदों में (29), रोमारियो शेफर्ड 13 गेंदों में (26) रन बनाकर आउट हुए।

पेरेंटल बर्नआउट

# क्या आप थकावट और झुंझलाहट महसूस करते हैं, क्या है पेरेंटल बर्नआउट

**हालिया शोध में पता चला है कि 60 प्रतिशत माता-पिता आराम करने और स्वयं को फिर से ऊर्जावान बनाने के लिए कुछ नहीं करते। इस शोध से पता चलता है कि पांच में से दो माता-पिता को लगता है कि थकान के कारण वे उस तरह के माता-पिता नहीं बन पाते, जैसे वे बनना चाहते हैं। लगभग आधे माता-पिता सोचते है कि सब कुछ करने के लिए दिन में पर्याप्त समय नहीं है और यही समस्या है कि माता-पिता के लिए स्वयं के लिए समय निकाल पाना एक चुनौती है।**



कई माता-पिता अपने बच्चों की देखभाल में लगने वाले समय, ऊर्जा और संसाधनों के कारण स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पाते और इसके कारण वे पेरेंटल बर्नआउट की समस्या से ग्रसित हो सकते हैं। पेरेंटल बर्नआउट शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक थकावट है जो कि बच्चों के पालन-पोषण के कारण उत्पन्न तनाव की वजह से पैदा होती है। शोध बताते हैं कि पेरेंटल बर्नआउट की समस्या विश्व के विभिन्न समुदायों एवं संस्कृतियों में मौजूद है। यह दुनिया भर के देशों में पाई जाने वाली समस्या है तथा पोलैंड, अमेरिका एवं बेल्जियम में बड़ी संख्या में माता-पिता इससे जूझ रहे हैं। आप थोड़ा सा आराम करके और कुछ देर सोकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं, लेकिन वास्तविकता इससे बहुत अलग हैं।

## पेरेंटल बर्नआउट के चार संकेत

- इसका पहला संकेत है- शारीरिक या भावनात्मक थकान या दोनों महसूस होना।
- दूसरा संकेत है- अपने पालन-पोषण के तरीकों को लेकर शर्मिंदा होना या यह सोचना कि आप उतने अच्छे माता-पिता नहीं रहे, जितने अच्छे आप पहले थे।
- तीसरा संकेत है- माता-पिता की जिम्मेदारी को लेकर परेशान हो जाना।
- चौथा संकेत है- अपने बच्चों से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए महसूस नहीं करना।

हालांकि कई लोग ऐसे संकेत महसूस करते हैं, लेकिन हालिया शोध में पता चला है कि 60 प्रतिशत माता-पिता आराम करने और स्वयं को फिर से ऊर्जावान बनाने के लिए कुछ नहीं करते। इस शोध से पता चलता है कि पांच में से दो माता-पिता को लगता है कि थकान के कारण वे उस तरह के माता-पिता नहीं बन पाते, जैसे वे बनना चाहते हैं। लगभग आधे माता-पिता सोचते हैं कि सब कुछ करने के लिए दिन में पर्याप्त समय नहीं है और यही समस्या है कि माता-पिता के लिए स्वयं के लिए समय निकाल पाना एक चुनौती है। लेकिन जब वे ऐसा करते हैं, तो इसका उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे उन्हें पालन-पोषण से जुड़ी मांगों को पूरा करने में मदद मिलती है और इससे बच्चों और परिवारों को भी लाभ होता है।

## चार सकारात्मक चीजें जो माता-पिता कर सकते हैं

1. अपने प्रति कम आलोचनात्मक होना।
2. अपनी देखभाल को महत्वपूर्ण समझना।
3. यह याद रखना कि हर रोज अपने लिए कुछ समय निकालने का बड़ा असर होता है।
4. बर्नआउट के संकेत नजर आने पर मदद मांगना।

यह स्वीकार करना अहम है कि आमतौर पर बच्चों की देखभाल का अधिक भार महिलाएं उठाती हैं और उनके जीवनसाथियों, नियोक्ताओं और परिवार को बर्नआउट के संकेतों पर नज़र रखनी चाहिए और उनके कहने से पहले ही मदद की पेशकश करनी चाहिए।

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में महिलाएं भी घर से बाहर निकल कर काम करती हैं। इस स्थिति में उनके लिए विभिन्न भूमिकाओं में सामंजस्य बनाए रखना बहुत मुश्किल होता है। यदि उन्हें जीवनसाथियों, नियोक्ताओं और परिवार की ओर से कुछ सहयोग मिल जाए तो बहुत बड़ी समस्या दूर की जा सकती है।

द कन्वरसेशन

जागरुकता

# चिलचिलाती धूप में बच्चों का खास ध्यान रखना जरूरी

**बच्चों के साथ दिक्कत ये है कि वो अपनी परेशानी आपको बता भी नहीं पाते हैं। ऐसे में गर्मी के इस मौसम बच्चों का खास ध्यान रखना चाहिए। स्किन केयर के साथ-साथ आपको बच्चों के कपड़ों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है।**

गर्मियों में बच्चों का ध्यान नहीं रखेंगे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों के साथ दिक्कत ये है कि वो अपनी परेशानी आपको बता भी नहीं पाते हैं। ऐसे में गर्मी के इस मौसम बच्चों का खास ध्यान रखना चाहिए। स्किन केयर के साथ-साथ आपको बच्चों के कपड़ों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। तो आइए देर ना करते हुए आपको बच्चों की स्किन केयर के बारे में बताते हैं।

## पूरे कपड़े पहना कर ले जाएं

अगर किसी जरूरी काम से बाहर जाना पड़ रहा है तो बच्चे को हल्के रंग और पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं। इसके साथ बच्चे के चेहरे को बचाने के लिए टोपी पहनाएं और धूप से बचने के लिए छाता जरूर रखें।

## बच्चों की सनस्क्रीन का इस्तेमाल

बच्चों के लिए बाजार में अलग तरह की सनस्क्रीन आती हैं। घर से बाहर निकलते वक्त बच्चे को सनस्क्रीन जरूर लगाएं। ऐसा करने से आप बच्चे को यूवी किरणों से बचा सकते हैं।

## सफाई का रखें ध्यान

अपनी ही तरह बच्चे की सफाई का भी ध्यान रखें। समय-समय पर उसके हाथ-मुंह धोते रहें। इससे गर्मी से भी राहत मिलेगी और साथ ही बच्चा फ्रेश फील करेगा।



## घरेलू नुस्खे

बच्चों की स्किन के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने की बजाए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से बच्चे की स्किन साफ रहेगी। केमिकल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट स्किन को खराब कर सकते हैं।

पते की बात

## आलोचना का फायदा उठाएं

जब कोई हमारी आलोचना करता है, तो यह हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यदि इसे हम अच्छी सलाह के रूप में कबूल करें। दुनिया में महान लोगों की भी आलोचना हुई है। आप किसी के काम की आलोचना करके उसे यह बताते हैं कि वह अपने काम में कैसे सुधार ला सकता है और आगे बढ़ सकता है। इस तरह लोग अपनी त्रुटियों को सुधारने में कामयाब हो सकते हैं।

## तनाव दूर करने के उपाय काम

काम का तनाव न लें। काम की सूची तैयार करें। चाहें तो डायरी में अपने विचार लिखकर व्यक्त करें। लिखने से बेचैनी कम होगी और भावनाओं को बाहर निकालने का जरिया मिलेगा। व्यायाम कर सकते हैं। मेडिटेशन कर सकते हैं। खुद को शांत रखने की कोशिश करें। काम का तनाव न चाहते हुए भी रहता है। इन रणनीतियों के साथ हर मुश्किल से लड़ सकते हैं।

## बेमेल विचारों वाले लोगों से ज्यादा मेल-जोल रखें

सफलता के लिए लोगों को समझना जरूरी है। नए दोस्त बनाएं, नए संगठनों में शामिल हों, अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाएं। अलग-अलग लोगों से मिलने से आपकी सोच व्यापक होती है। यह आपके दिमाग के लिए अच्छा है। ऐसे दोस्त बनाएं जिनके विचार आपसे अलग हों। अपने से विपरीत स्वभाव के लोगों से दोस्ती करें, पर उनकी मानसिकता प्रगतिशील हो।

## लक्ष्य बेहद स्पष्ट होने चाहिए

जो अक्सर अपने लक्ष्यों से पिछड़ जाते हैं, उनके पीछे रह जाने का कारण लक्ष्य का स्पष्ट चित्र उनके मन में न होना है। यदि आपके मन में यह है कि मैं अच्छा घर चाहता हूं, लेकिन उसे साकार करने को आपकी कल्पना का सहयोग नहीं मिलता है, तो उसपर लगने वाली मानसिक ऊर्जा भी कम होती चली जाएगी और इस लक्ष्य के पूर्ण होने में बाधा उत्पन्न होगी।

जागरुकता

# बच्चा लंबा हो गया है, मगर है दुबला-पतला, क्या करें?

**हालिया सर्वे में सामने आया है कि बच्चों की लंबाई भले बढ़ रही हो, लेकिन हो सकता है कि हाइट के हिसाब से उनका वजन नहीं बढ़ पा रहा हो और ये आपकी एक गलती की वजह से होता है जिसके बारे में आपको पता तक नहीं चल पाता है।**

## क्या कहता है सर्वे

हाल ही में राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण (एनएचएफएस) द्वारा किए गए एक अध्ययन में विशेषज्ञों ने भारतीय बच्चों और उनके पोषण से जुड़े कुछ बेहद दिलचस्प तथ्यों का निष्कर्ष निकाला है। उन्होंने देखा है कि पांच वर्ष से कम आयु के अधिकांश बच्चों ने अपनी उम्र के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकीकरण को प्राप्त कर लिया है। हालांकि, पिछले एक दशक में उनके वजन में लगभग कोई सुधार नहीं हुआ है। यह वेस्टिंग और स्टंटिंग नामक स्थिति की ओर ले जाता है। भारत में भले ही पैरेंट्स अपने बच्चे की डाइट पर बहुत ध्यान देते हों लेकिन वो इस मामले में कुछ गलतियां भी कर बैठते हैं।

## पहले दो सालों में सही पोषण ना मिल पाना

बच्चों की ग्रोथ के लिए पहले दो साल बहुत अहम होते हैं। अगर बच्चे को इस समय सही पोषण मिल जाए तो हो सकता है कि आगे के ग्रोथ फेज में बच्चे की हाइट बढ़ जाए लेकिन वो बहुत पतला हो। वहीं अगर बच्चे को सही भोजन ना दिया तो उसका हाइट के हिसाब से वजन ही नहीं बढ़ पाएगा। पेट खराब होने, इंफेक्शन और एलर्जी सब बच्चे के खानपान को प्रभावित करते हैं।



## सिर्फ क्वांटिटी पर ध्यान देना

इंडिया में बच्चे को खाना खिलाने का कुछ ऐसा चलन है कि यहां पर उसे जबरदस्ती ठूस-ठूस कर खिलाया जाता है। मां हमेशा ये कोशिश करती है कि बच्चे की प्लेट में ज्यादा खाना परोसे। हालांकि, आपको यह समझने की जरूरत है कि बच्चे को कितना खाना दे रही हैं इसके साथ ही ये भी महत्वपूर्ण है कि आप उसे खिला क्या रही हैं। हो सकता है कि खाना खाकर बच्चे का पेट भर जाए लेकिन क्या उसकी पोषण की जरूरत पूरी होती है? आपको बच्चे के खाने में अंडे, नट्स, फल, सब्जियां और दूध भी देना चाहिए।


## पैकेटबंद फूड खिलाना

घर का बना खाना बच्चों की डाइट के लिए बेस्ट होता है। हालांकि, कभी समय की कमी या अन्य किसी कारण से हम बच्चे को पैकेटबंद फूड खिला देते हैं जिनमें एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं जो बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।


## आयरन रिच फूड ना खिलाना

इस सर्वे में यह भी खुलासा हुआ है कि भारत में पांच साल से कम उम्र के लगभग 58 पर्सेंट बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। इसका मतलब है कि इनके खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम है। यह बच्चे की हाइट और वेट को प्रभावित कर सकता है। इसका एक कारण है कि बच्चे के खानेमें अंडा, पोल्ट्री और दालों जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का शामिल ना होना।

### दिमाग लगाओ




### रंग भरो



### शब्द बनाओ

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | O | E | P | M | H | L | S | E | L | M | A | G | B | K |
| L | S | A | C | E | S | I | J | P | P | H | G | M | C | H |
| S | E | G | P | A | H | C | H | I | S | F | S | A | R | K |
| R | T | O | S | J | O | F | G | W | T | F | A | S | I | L |
| P | K | J | N | P | M | W | R | M | A | V | H | A | H | J |
| E | C | S | R | L | E | C | E | K | Y | T | F | W | A | R |
| M | T | C | U | T | R | M | T | E | C | T | H | F | N | Y |
| S | R | R | B | L | P | O | L | I | A | S | T | R | T | M |
| E | A | B | O | R | C | P | U | G | O | T | J | A | S | P |
| E | B | R | A | O | A | P | F | G | B | O | H | B | P | K |
| W | B | H | P | L | A | R | C | A | E | W | A | A | H | N |
| M | T | Q | A | A | H | M | K | M | A | R | G | E | A | B |
| Q | S | E | S | F | E | H | T | W | C | L | A | T | G | A |
| E | N | B | U | P | A | I | B | C | O | P | A | E | W | R |
| C | F | N | A | A | B | H | S | K | I | N | N | E | R | X |

| | | |
|---|---|---|
| HOMER | MAGGIE | SKINNER |
| MARGE | APU | MOE |
| BART | PATTY | RALPH |
| LISA | SELMA | BURNS |

### रास्ता ढूंढो




# बेबो बनना चाहती थीं क्रिमिनल लॉयर



बॉलीवुड की ये टॉप एक्ट्रेस कभी बन ना चाहती थीं क्रिमिनल लॉयर, इस वजह से फिल्मों में बनाया करियर। करीना कपूर बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। हालांकि ये अदाकार कभी फिल्मों में नहीं बल्कि किसी दूसरी फील्ड में अपना करियर बनाना चाहती थीं। बॉलीवुड की ये टॉप एक्ट्रेस कभी बनना चाहती थीं क्रिमिनल लॉयर, इस वजह से फिल्मों में बनाया करियर। बॉलीवुड स्टार्स किड्स के बारे में यही माना जाता है कि वे अपने पेरेंट्स के नक्शेकदम पर चलते हुए फिल्मों में ही करियर बनाएंगें। हालांकि काफी स्ट्रॉन्ग फिल्मी बैकग्राउंड होने के बावजूद एक एक्ट्रेस अलग करियर बनाना चाहती थी। इस अदाकारा ने लॉ की फिल्ड में अपना करियर बनाने की कोशिश की लेकिन किस्मत ने तो उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। वे कैमरे के सामने आई और फिर बॉलीवुड में ऐसी छाई कि उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखने का मौका ही नहीं मिला। आज ये अदाकारा बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक है। जी हां ये हसीना कोई और नहीं बल्कि करीना कपूर खान हैं। करीना और उनकी एक्ट्रेस बहन करिश्मा कपूर बॉलीवुड के सबसे बड़े कपूर खानदान की बेटियां हैं। पहले कपूर खानदान की लड़कियों को फिल्मों में काम करने की इजाजत नहीं थी। हालांकि करिश्मा और करीना ने ही इस ट्रेंड को ब्रेक किया और फिल्मों में खूब धमाल मचाया। दोनों ही बहनें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रहीं। करीना कपूर खान आज बॉलीवुड की सुपरस्टार मानी जाती हैं। करीना कपूर खान ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हालांकि वह फिल्म सेट पर बड़ी हुईं और हमेशा एक अभिनेत्री बनना चाहती थीं, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब उन्होंने एक क्रिमिनल वकील बनने पर विचार किया था अपने सपने को पूरा करने के लिए वह लॉ स्कूल भी गईं लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि यह उनके लिए नहीं है।

# 'चंदू चैंपियन' का पहला गाना रिलीज

'सत्यानास' गाने ने ऑडियंस की उत्सुकता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। इस एनर्जेटिक डांस नंबर में कार्तिक आर्यन को मजेदार अंदाज में डांस करते देखा जा सकता है। फिल्म 'चंदू चैंपियन' का ये पहला गाना काफी मजेदार है। कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला गाना 'सत्यानास' रिलीज हो गया है। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान की इस फिल्म में कार्तिक आर्यन कमाल के अवतार में नजर आने वाले हैं। ये इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। दर्शकों का मनोरंजन करने वाले शानदार ट्रेलर की रिलीज के बाद अब मेकर्स फिल्म का पहला गाना 'सत्यानास' लेकर आए हैं। 'सत्यानास' गाने ने ऑडियंस की उत्सुकता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। इस एनर्जेटिक डांस नंबर में कार्तिक आर्यन को मजेदार अंदाज में डांस करते देखा जा सकता है। गाने के वीडियो में कार्तिक आर्यन और उनके यंग कैडेट दोस्तों अपनी जिंदगी के एक नए लेसन की शुरुआत का जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। संगीत के उस्ताद प्रीतम के बनाए इस गाने में अरिजीत सिंह, नक्श अजीज और देव नेगी की सोलफूल आवाज के साथ-साथ अमिताभ भट्टाचार्य के प्रभावशाली बोल हैं। फेमस कोरियोग्राफर जोड़ी बॉस्को-सीजर ने कार्तिक और साथी कलाकारों के फनी और एनर्जी से भरे डांस को कोरियोग्राफ किया है। सभी एक्टर्स को गाने में परफॉर्म करते देख आपको मजा आने वाला है। फिल्म 'चंदू चैंपियन' के निर्देशक कबीर खान और निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने प्रीतम और अमिताभ भट्टाचार्य को मजेदार और जोश से भरा गाना बनाने के लिए कहा था। गाने में जिंदगी के एक नए पड़ाव पर जा रहे यंग लड़कों की फीलिंग्स और एनर्जी को दिखाया जाना था। प्रीतम ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए 'सत्यानास' गाने को बनाया है। ये गाना न केवल इस सार को पकड़ता है बल्कि चार्ट-टॉपर होने का वादा भी करता है। कार्तिक आर्यन के फंकी डांस मूव्स देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। ट्रेन में फिल्माए गए इस गाने में जश्न के माहौल के साथ उनका प्रदर्शन, युवा भारतीय सेना के रंगरूटों के एक समूह के बीच एक खुशी की लहर को दर्शाता है। फिल्म 'चंदू चैंपियन', 14 जून 2024 को रिलीज के लिए तैयार है।





# जान्हवी 'गुंजन सक्सेना' को बनीं थीं शाकाहारी

## 12 दिनों को बनी शाकाहारी

जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस मूवी में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दोनों ही प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने की अपनी इच्छा के बारे में एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। जब जान्हवी से उनकी इच्छा सूची में एक अभिनेता का नाम पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा किया कि वह कोई और नहीं बल्कि पंकज त्रिपाठी हैं।

जान्हवी कपूर ने पंकज त्रिपाठी की प्रशंसा की और उनके साथ काम करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं पंकज त्रिपाठी सर के साथ काम करना चाहती थी। वह मेरी इच्छा सूची में थे। गुंजन सक्सेना के सेट पर मौजूद लोग जानते हैं कि मैं एक पागल लड़की की तरह व्यवहार करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक थी और आज भी हूं। जान्हवी ने उल्लेख किया कि उन्होंने पकंज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए मन्नत मांगी थी, कि पंकज त्रिपाठी इस भूमिका के लिए सहमत होंगे। फिर उन्होंने इस फिल्म के लिए हां कर दिया था। मुझे लगता है कि 10 या 12 दिनों के लिए मैं शाकाहारी बन गई। फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल', जिसमें जान्हवी और पंकज त्रिपाठी ने अंततः एक साथ काम किया, उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिली, और उनके प्रदर्शन की व्यापक रूप से सराहना की गई, जिससे जान्हवी ने पंकज त्रिपाठी को फिल्म में शामिल करने का प्रयास और अधिक सार्थक कर दिया।


जान्हवी कपूर की वर्क फ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में दिखाई देने वाली हैं, जो 31 मई को रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही वह 'उलझ' में भी नजर आएंगी।

# प्रधानमंत्री ने की पायल कपाड़िया की तारीफ

पायल कपाड़िया द्वारा अपनी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के साथ कान्स में 'ली ग्रांड प्रिक्स' पुरस्कार जीतकर इतिहास रचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पायल कपाड़िया ने कान में इतिहास रच दिया जब उनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने प्रसिद्ध फिल्म समारोह में प्रतिष्ठित 'ले ग्रांड प्रिक्स' पुरस्कार जीता। यह 30 वर्षों में पहली बार था जब किसी भारतीय फिल्म ने महोत्सव की मुख्य प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्देशक पायल कपाड़िया और अभिनेता छाया कदम, दिव्या प्रभा और कनी कुसरुति सहित फिल्म की टीम ने समापन समारोह के दौरान पुरस्कार स्वीकार करने के लिए कान फिल्म महोत्सव 2024 में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पायल को बधाई देते हुए लिखा, "भारत को 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' के लिए ग्रैंड प्रिक्स जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए पायल कपाड़िया पर गर्व है।




# 'दिल तो पागल है' आज भी हिट




करिश्मा कपूर और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो पागल है आज भी जबरदस्त हिट मूवी है। इतने साल बीतने के बाद भी फैंस में इस फिल्म का क्रेज खत्म नहीं हुआ है। कुछ टाइम पहले ही करिश्मा कपूर और माधुरी दीक्षित ने फिल्म के फेमस सॉन्ग को रीक्रिएट किया था जो कि काफी वायरल हुआ था। 90 के दशक की इस मूवी की न सिर्फ कहानी पसंद की जाती है, बल्कि एक-एक गाना जबरदस्त हिट हुआ था। 'राहुल', पूजा और निशा की जबरदस्त केमेस्ट्री ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। इतने साल बीतने के बाद भी इस फिल्म को लोग भूले नहीं हैं।

# रणवीर सिंह ने दीपिका पादुकोण पर लुटाया प्यार



रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड के पावर कपल्स में से एक हैं। अब ये लवबर्ड्स जल्द ही माता–पिता बनने वाले हैं। दीपिका ने कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका सितंबर में बच्चे को जन्म देने वाली हैं। हाल ही में, रणवीर सिंह ने हाल ही में ट्रोलिंग के बीच दीपिका पादुकोण की मनमोहक तस्वीरें साझा करने के लिए इंस्टाग्राम स्टोरीज़ का सहारा लिया।

इंस्टाग्राम स्टोरी में, रणवीर सिंह ने दीपिका पादुकोण की हाल की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह चमकीले पीले रंग की गौरी और नैनिका मैक्सी ड्रेस पहने हुए थीं, जब वह एक कार्यक्रम में अपने स्किनकेयर ब्रांड का प्रचार कर रही थीं। एक तस्वीर में उन्होंने लिखा, 'माई सनशाइन'। दूसरी तस्वीर में उन्होंने लिखा, 'उफ्फ! क्या करूं मैं? मर जाऊं? तीसरी तस्वीर में उन्होंने मजेदार अंदाज में लिखा, 'बुरी नजर वाले तेरा मुंह काला।'

> रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड के पावर कपल्स में से एक हैं। अब ये लवबर्ड्स जल्द ही माता–पिता बनने वाले हैं। दीपिका ने कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।

नवंबर 2018 में इटली में पारंपरिक कोंकणी और सिंधी समारोहों में शादी के बंधन में बंधे रणवीर और दीपिका ने अपने–अपने हैंडल पर प्यार भरी शादी की तस्वीरें साझा की थीं। यह जोड़ा वर्तमान में अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहा है। अब रणवीर सिंह अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' पर फोकस कर रहे हैं और उनके पास फरहान अख्तर की डॉन 3 भी है।

बता दें, रणवीर आखिरी बार करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आए थे।

फिल्म की शुरुआत आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका से होती है। काम के अलावा अभिनेता रणवीर सिंह अपनी पत्नी और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ क्वालिटी टाइम भी बिता रहे हैं। यह कपल सितंबर में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रहा है। दोनों को सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वोट डालते समय एक साथ देखा गया। मतदान के दिन इस जोड़े को सफेद रंग में जुड़वाँ देखा गया। और अंत में, दीपिका पादुकोण के दिखाई देने वाले बेबी बंप ने भी कई सिद्धांतों पर विराम लगा दिया।

का पादुकोण आखिरी बार पर्दे पर फाइटर में नजर आई थीं। वह एक बार फिर अमिताभ के साथ आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी में स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी, जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, उन्हें रोहित शेट्टी की 'कॉप यूनिवर्स' की आगामी किस्त सिंघम अगेन में भी पेश किया जाएगा। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर खान भी हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल के साथ बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।



# दिल्ली की तर्ज पर करेंगे नोएडा का विकास : अरविंद केजरीवाल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन को सत्ता मिली तो नोएडा का भी विकास दिल्ली की तर्ज पर किया जाएगा। वे सेक्टर-81 में आम आदमी पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना के घर पर संबोधित कर रहे थे।

अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ पार्टी के उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना के सेक्टर-81 स्थित आवास पर पहुंचे। जहां आप के कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने बताया कि केजरीवाल ने पार्टी की भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। जिसमें लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश और कई अन्य राज्यों में आम आदमी पार्टी के संगठन को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में ट्रांसपोर्ट की कमी, बिजली, किसानों और फ्लैट खरीदारों की समस्या से केजरीवाल को अवगत कराया गया है।

केजरीवाल ने कहा कि जब-जब किसी तानाशाह ने सत्ता संभालने की कोशिश की, देश की जनता ने उसे उखाड़ फेंका। आज फिर एक तानाशाह लोकतंत्र को खत्म करना चाहता है। मैं उस तानाशाह के खिलाफ लड़ रहा हूं लेकिन मैं अकेले कुछ नहीं कर सकता। इस तानाशाह से देश को बचाने के लिए नोएडा के लोगों से समर्थन मांगने आया हूं।

# दूध व दुग्ध पदार्थों की 10 दुकानों का किया निरीक्षण, 8 के नमूने भरे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस अक्षय गोयल, मुख्य खाद्य सुरक्षा आधिकारी के नेतृत्व में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता परीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न ब्रांड के दूध के कुल10 नमूने तथा दुग्ध पदार्थों के कुल 08 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर पी गुप्ता द्वारा गार्डन गैलरिया स्थित प्रतिष्ठान टॉय बॉय रेस्टोरेंट से पनीर का नमूना एवं स्टारबक्स तथा टोकाई ब्लू से दूध का नमूना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश ने सेक्टर-93 स्थित फर्म फ्रेश सिग्नेचर से दूध तथा पनीर का नमूना एवं डी एल एफ मॉल सेक्टर-18 से दूध का नमूना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेनू सिंह ने सिरसा पंचायतन स्थित सिद्ध बाबा स्वीट्स से दही का नमूना, शांति डेयरी से दूध तथा कासना से दूध का नमूना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर ने सुमन डेयरी जेवर से दूध एवं दही का नमूना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल गुप्ता ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट से नमस्ते इंडिया ब्रांड दूध एवं दही का नमूना तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश ने सेक्टर-2 नोएडा से दूध तथा पनीर एवं सेक्टर-63, नोएडा से आनंदा ब्रांड दूध का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया।



सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि उक्त अभियान में गौतम बुद्ध नगर में बिक रहे लगभग सभी नामी ब्रांडों के दूध के नमूनों को जांच हेतु लिये गये। सभी सैंपल जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार सेक्टर-47 स्थित सफल स्टोर पर खराब क्वालिटी के फल व सब्जी के विक्रय की शिकायत पर दुकान संचालक को नोटिस दी गई।

# भेल की डिप्टी मैनजर की मौत के आरोप में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-100 के लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी स्थित आईआरएस (इंडियन रेवेन्यू सर्विस) अधिकारी के फ्लैट में बीएचईएल की डिप्टी मैनजर एचआर का शव पंखे के फंदे से लटकता हुआ मिला था। इस मामले में मृतक युवती के पिता ने आईआरएस अधिकारी पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी आईआरएस अधिकारी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




बताया जा रहा है कि जिस समय घटना हुई आईआरएस ऑफिसर भी उस वक्त फ्लैट में मौजूद था। डिप्टी मैनेजर एचआर और आईआरएस दोनों पिछले 3 साल से रिलेशनशिप में थे। शुरुआती जांच में आरोपी आईआरएस ने पुलिस को यह जानकारी दी थी कि उनकी महिला मित्र ने दूसरे कमरे में खुद को बंद कर आत्महत्या की है। सोसाइटी की सिक्योरिटी ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तब उनको जानकारी हुई। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है। वहीं युवती के पिता का आरोप है कि आईआरएस अधिकारी और बीएचईएल की डिप्टी मैनेजर एचआर की मुलाकात डेटिंग ऐप के जरिये हुई थी। जल्द ही मुलाकात नजदीकी में बदल गई और आईआरएस अधिकारी ने डिप्टी मैनेजर से शादी करने का वादा किया। जब उस पर शादी का दबाव बनाया गया तो उसने युवती की हत्या कर डाली।

थाना प्रभारी ने बताया कि 2016 बैच के आईआरएस सौरभ मीणा लोटस बुलेवर्ड सोसायटी के टावर नंबर-8 के एक फ्लैट में रहते हैं। मौके पर टीम पहुंची तो फ्लैट के एक कमरे में शव कपड़े से बने फंदे से लटकता हुआ मिला। पहचान शिल्पा गौतम (37) के रूप में हुई। शिल्पा बीएचईएल में डिप्टी मैनेजर एचआर के पद पर थीं।

ओपी गौतम ने सौरभ पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि इस आरोप के आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

## चोटपुर में लगी आग, हादसा होते टला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोटपुर कालोनी के आश्रम गेट पर एक ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि चोटपुर कालोनी की गली नम्बर-3 में एक ट्रांसफार्मर में शार्ट-सर्किट से आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

स्थानीय लोगों ने पास के स्कूल में स्थित फायर सिलेंडर के जरिए आग बुझाई जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# सेक्टर-9 में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर 19 इंडो गल्फ अस्पताल के द्वारा इस भीषण गर्मी को देखते हुए सेक्टर 9 में गरीब जे.जे कॉलोनी वासियों के लिए नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में रोगियों की नि:शुल्क जाँच की गई व वहाँ के निवासियों को स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के माध्यम से बीमारियों के उपचार की उनको सही सलाह दी गई।

इस भीषण गर्मी से किस प्रकार अपना बचाव किया जा सके, उसके भी कई प्रकार के उपाय बताए।

कैंप में इंडो गल्फ अस्पताल के डॉ प्रसनजीत मैत्रा, डॉ संभव जैन, नर्सिंग स्टाफ़ देविंदर ,लैब टेक्नीशियन विराज, सेक्टर-9 के निवासी लल्लन झा, मुन्तज़रि अली, आकाश ठाकुर, अभिलाष ठाकुर, सलमान, राजन यह सभी लोगों ने कैंप में सहयोग किया।

# पत्रकारिता का मूल चिंतन ही यथार्थ है : विष्णु प्रकाश त्रिपाठी

## यथार्थ अस्पताल में नारद जयंती व पत्रकारिता दिवस का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल में देवर्षि नारद जयंती और हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन प्रेरणा जनसंचार एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार विष्णु प्रकाश त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नारद जयंती का कार्यक्रम यथार्थ अस्पताल में हो रहा है। अद्भुत संयोग ही है कि पत्रकारिता का मूल चिंतन भी यथार्थ है। पत्रकारिता की मूल अवधारणा संयोजकता सतर्कता का समीकरण होकर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बना है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया है कि उन्हें माया मत लोभ मोह से बचना चाहिए। पौराणिक प्रसंगों में नारद जी के द्वारा जल दान का उल्लेख है जो नारद मुनि के पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार तटस्थ और निरपेक्ष नहीं रह सकते । उन्हें सापेक्ष रहना चाहिए सत्यवादी ना हों ,लेकिन सत्य निष्ठ अवश्य हों। पारदर्शिता के साथ कार्य करें। तभी समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार उमेश उपाध्याय ने कहा कि आज की तारीख में पत्रकारिता आईसीयू की ओर अग्रसर है, क्योंकि यह सत्य निष्ठा और वास्तविकता से कोसों दूर है। तकनीकी और विरोधी आख्यान प्रस्तुत करने की कला के कारण हमारी विरासत परंपरा का सदियों से दोहन होता चला रहा है। जरूरी है इससे बचने की। तभी भारत समृद्ध और सशक्त होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उप्र व उत्तराखंड के प्रचार प्रमुख कृपाशंकर ने पत्रकार बंधुओं को अवगत करवाया के प्रचार विभाग 1994 में बना था तथा वर्ष 2000 से पहले लोग नारद जयंती के कार्यक्रम में आने से भी हिचकिचाते थे। प्रेरणा जनसंचार एवं शोध संस्थान का चिंतन समाज के कल्याण के लिए है। यह अनवरत यात्रा चलती रहेगी।

# भारतीय किसान यूनियन मंच का कार्यक्रम आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन मंच के तत्वावधान में गणेश्वरम रेस्टोरेंट सेक्टर 45 नोएडा में प्रोग्राम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेन्द्र प्रधान ने की व मंच संचालन राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान एवं विमल त्यागी प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन मंच यूथ विंग के द्वारा किया गया।



भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षकों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के द्वारा भारतीय किसान यूनियन मंच के सभी पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया ने सुनपुरा कार्यक्रम में शामिल हुए सभी किसानों, ग्रामीणों ,सामाजिक संगठनों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेन्द्र प्रधान, सूरज प्रधान,चरण सिंह प्रधान, बिल्लू प्रधान ,राजवीर प्रधान, राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, आषीश चौहान, मनविंदर भाटी, विक्रम यादव, योगेश भाटी,रोहतास चौहान, प्रमोद त्यागी, अशोक चौहान, देवेंद्र टाईगर, मास्टर बीर सिंह,राजवीर चौहान, रिंकू यादव, गजेन्द्र बैसोया, कवित गुर्जर ,मुनेश प्रधान, फिरे चौहान,उमेश चौहान, विमल त्यागी,लोकेश चौहान, लीलू चौहान, राजवीर प्रधान,अमित प्रधान,कृष्ण भड़ाना देवकुमार नम्बरदार, बिल्लू प्रधान, दुष्यंत तौमर,अभिनव तौमर, एडवोकेट अकित भाटी,एडवोकेट विनोद वर्मा,रविंद्र विकल,लीलू बैसला,गौरव बैसला आदि मौजूद थे।

